e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 10, अंक 177

शुक्रवार

30.06.2023

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**

जब लोग आपका विरोध करने लगे तो समझ जाओ की आपने रास्ता सही चुना है।

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com

पृष्ठ 08 । मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23




## रांची का तापमान

अधिकतम 28°

न्युनतम 22°

## क्विक न्यूज

### पांच किलो हेरोइन जब्त

**तरनतारन :** पंजाब के तरनतारन में भारत और पाकिस्तान की सीमा के पास गुरुवार को सीमा सुरक्षा बल ने पांच किलो हेरोइन जब्त किया है. बीएसएफ के जवानों गुरुवार सुबह करीब 10:30 बजे सूत्रों से खबर पाकर बॉडर के पास गश्ती बढ़ा दी. इस दौरान तरनतारन जिले के खालरा गांव में जवानों को सीमा के पास स्थित खेतों में पीले रंग के दो संदिग्ध पैकेट मिले. दोनों पैकेटों की जांच करने पर उसमें नशीले पदार्थ मिले. दोनों पैकेटों में 5.120 किलो के हेरोइन भरे हुए थे.

### मुंबई में भरी बारिश, एक की मौत

**मुंबई :** महाराष्ट्र में मानसून की बारिश में हादसे होने लगे हैं. शहर और उसके उपनगरों में पिछले 24 घंटों में मध्यम से भारी बारिश हुई है. मुंबई के पश्चिमी उपनगरों बुधवार को पेड़ गिरने की अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई थी. मुंबई में गुरुवार को एक कच्चे मकान पर पेड़ गिरने से 22 साल के शख्स की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया. बृहन्मुंबई नगर निगम के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी.

### पीएम करेंगे 17 वें भारतीय सहकारी महासम्मेलन का उद्घाटन

**नई दिल्ली :** भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ के अध्यक्ष दिलीप भाई संघानी ने गुरुवार को एक प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए हा कि 17वें भारतीय सहकारी महासम्मेलन का आयोजन दिल्ली में किया जाएगा। यह कार्यक्रम प्रगति मैदान में 01 और 02 जून को आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। इस कार्यक्रम में तीन हजार से अधिक लोग हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम में दुनिया भर से सहकारिता से जुड़े लोग शामिल होंगे।

### अमरनाथ तीर्थयात्रियों व पर्यटकों के लिए भारतीय रेलवे दो और विशेष ट्रेनें चलाएगा

**जम्मू।** अमरनाथ तीर्थयात्रियों व पर्यटकों को और अधिक सुविधा देने के लिए भारतीय रेलवे ने दो और विशेष ट्रेनें चलाने की घोषणा की है। इससे पहले रेलवे ने पांच अतिरिक्त स्पेशल ट्रेनें शुरू की थीं। एक जुलाई से शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा के दौरान जम्मू-कश्मीर में यात्रियों व पर्यटकों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए नई दिल्ली और श्री माता वैष्णो देवी कटरा के बीच दो ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है।

### खाई में गिरी कार, तीन की मौत

**प्रयागराज :** शहर से करीब 98 किमी दूर रीवा के क्योटी वाटरफॉल में पिकनिक मनाने जा रहे शहर के व्यापारियों की कार 30 फीट गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में तीन की मौत हो गई, जबकि उनके दो साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना मध्य प्रदेश स्थित रीवा के गढ़ थानाक्षेत्र में देवास गांव के पास हुई। दोनों घायलों को संजय गांधी मेडिकल कॉलेज, रीवा में भर्ती कराया गया है।

## प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री ने ईद-उल-अजहा की दी बधाई

# हर्षोल्लास के साथ मनाई गई बकरीद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर गुरुवार की सुबह रांची और आसपास क्षेत्रों के विभिन्न मस्जिदों और ईदगाहों में बकरीद की नमाज अदा की गई। इसके बाद लोगों ने एक-दूसरे के गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी। कुछ जगहों पर मस्जिद के बाहर भी नमाज अदा की गई। इस दौरान रांची पुलिस भी बेहद सतर्क है। संवेदनशील स्थानों पर सुबह पांच बजे से ही पुलिस बल मुस्तैद है। रांची में ईद उल अजहा को लेकर काफी उत्साह देखने को मिला। हालांकि, तीन दिनों से हो रही लगातार बारिश की वजह से थोड़ी खलल जरूर पड़ी। बारिश की वजह से ही रांची के हरमू रोड ईदगाह में कई वर्षों के बाद नमाज अदा नहीं की गई। अंजुमन इस्लामिया ने यह तय किया कि ईदगाह में इस बार नमाज अदा नहीं की जाएगी। भारी बारिश की वजह से यह फैसला लिया गया। रांची के मेन रोड, डोरंडा, हिंदपीढ़ी, बरियातू, कांके, पिठोरिया, अरगोड़ा सहित तमाम मस्जिदों में हल्की बूंदाबांदी के बीच ईद उल अजहा की नमाज अदा की गई। इधर राज्य के अन्य जगहों पर भी ईद उल अजहा की नमाज शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर देशवासियों को ईद-उल-अजहा की बधाई दी. उन्होंने सभी को मुबारकबाद देते हुए इस मौके पर सुख और समृद्धि के साथ समाज में एकजुटता और सद्भाव की कामना की. मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने भी ईद-उल-अज़हा के अवसर पर सभी को दिली मुबारकबाद दी है। उन्होंने कहा कि त्याग, समर्पण और बलिदान का यह त्योहार आप सभी के जीवन में समृद्धि लाए। आप सभी स्वस्थ और सुखी रहें, यही दुआ करता हूँ।

### शांतिपूर्ण ढंग से अदा की गई ईद-उल-अजहा की नमाज



### पुलिस अलर्ट, ड्रोन से की गई निगरानी

बकरीद को देखते हुए राजधानी के सभी संवेदनशील इलाकों में पुलिस बल के साथ ड्रोन की टीम को भी तैनात किया गया था। सभी थाना प्रभारी नमाज के वक्त अपने अपने इलाकों में भ्रमणशील रहे। रांची में दो हजार पुलिस बलों की तैनाती की गई है। खासकर वैसे ही इलाके जहां बकरीद के समय पूर्व में सामाजिक सौहार्द्र बिगड़ा था, वहां विशेष निगरानी रखी जा रही है। सोशल मीडिया पर भी विशेष नजर पुलिस के द्वारा रखी जा रही है। रांची पुलिस के द्वारा एक दिन पूर्व ही यह संदेश जारी कर दिया गया था कि अगर कोई भी सामाजिक सौहार्द्र को बिगाड़ने की कोशिश करेगा तो उसे बख्शा नहीं जाएगा।

### जामा मस्जिद के पास सुरक्षा के थे व्यापक इंतजाम

**दिल्ली :** फतेहपुरी मस्जिद के बाहर नमाज पढ़ने के लिए भारी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग एकत्रित हुए. ईद के मौके पर दिल्ली की जामा मस्जिद के बाहर भी काफी भीड़ नजर आई.राष्ट्रीय राजधानी में कश्मीरी गेट स्थित पंजा शरीफ दरगाह में नमाज अदा करने के बाद पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने ईद-उल-अजहा के मौके पर शुभकामनाएं दीं. इस बीच, दिल्ली में ईद उल-अजहा के अवसर पर जामा मस्जिद के पास सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किया गया था. डीसीपी सेंट्रल, संजय कुमार सैन ने कहा कि लोगों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और एमसीडी की मदद से हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि क्षेत्र असामाजिक तत्वों से सुरक्षित रहे.जम्मू कश्मीर के श्रीनगर में ईद-उल-अजहा की नमाज अता करने के बाद मुस्लिम भाइयों को एक-दूसरे को बकरीद की मुबारकबाद देते देखा गया.

## मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश के बाद

# अंगीभूत एवं डिग्री संबद्ध महाविद्यालयों में जारी रहेगी इंटर की पढ़ाई

प्रभात मंत्र संददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने राज्य के अंगीभूत एवं डिग्री संबद्ध महाविद्यालयों में सत्र 2023- 25 में इंटरमीडिएट की पढ़ाई जारी रखने का निर्णय लिया है। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव की अध्यक्षता में झारखंड अधिविध परिषद के अध्यक्ष और सचिव की हुई बैठक में निर्देश दिया गया कि यदि किसी जिला या क्षेत्र में माध्यमिक परीक्षा - 2023 में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को इंटरमीडिएट कक्षा में नामांकन लेने में कठिनाई हो तो पूर्व के वर्षो की भांति अंगीभूत एवं डिग्री संबद्ध महाविद्यालय में इंटरमीडिएट कक्षा में नामांकन ले सकते हैं। इस वर्ष जैक की मैट्रिक परीक्षा में चार लाख से ज्यादा परीक्षार्थी सफल रहे हैं । इन विद्यार्थियों को इंटरमीडिएट में नामांकन लेने में समस्या आ रही है। इसी वजह से स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने छात्र हित को ध्यान में रखते हुए अंगीभूत एवं डिग्री संबद्ध महाविद्यालयों में इंटरमीडिएट में विद्यार्थियों का नामांकन और पढ़ाई जारी रखने का फैसला किया है।

### क्या है मामला

राज्य में अंगीभूत एवं संबद्ध डिग्री महाविद्यालयों में इंटरमीडिएट शिक्षा को पृथक्क करने की प्रक्रियाधीन है। इसी वजह से इस वर्ष माध्यमिक परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं उनके अभिभावकों और कतिपय संबद्ध डिग्री महाविद्यालय के बीच इंटरमीडिएट में नामांकन को लेकर भ्रम की स्थिति है। ऐसे में विद्यार्थियों को नामांकन के सिलसिले में परेशानी उठानी पड़ रही है। इससे शैक्षणिक सत्र भी प्रभावित हो सकता है । इसी वजह से सरकार ने अंगीभूत महाविद्यालयों एवं संबद्ध डिग्री महाविद्यालयों में इंटरमीडिएट में नामांकन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।



## दो दर्जन डीएसपी बने आइपीएस, अधिसूचना जारी




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड के 24 डीएसपी को आइपीएस में प्रोन्नति मिली है। 19 जून को यूपीएससी बोर्ड की मंजूरी मिलने के बाद अधिसूचना जारी कर दी गई।आइपीएस में प्रोन्नत होने वालों में टंडवा के एसडीपीओ शंभु कुमार सिंह, अमित कुमार सिंह, अरविंद कुमार सिंह, पुज्य प्रकाश, झारखंड की संचार एवं तकनीकी सेवा में एएसपी सरोजनी लकड़ा, एसीबी रांची के एएसपी एमेल्डा एक्का, एसीबी के सीनियर डीएसपी सादिक अनवर रिजवी, डॉ. विमल कुमार और जैप-10 रांची के सीनियर डीएसपी विकास कुमार पांडेय वे प्रमुख अधिकारी हैं, जिन्हें आईपीएस में प्रन्नोत किया गया है। वहीं जंगल वॉरफेयर स्कूल नेतरहाट के सीनियर डीएसपी विजय आशीष कुजूर, सीनियर डीएसपी विशेष शाखा, झारखंड के दीपक कुमार शर्मा, जैप-7 हजारीबाग के सीनियर डीएसपी राजकुमार मेहता, विशेष शाखा के सीनियर डीएसपी अजय कुमार सिन्हा और विशिष्ट इंडिया रिजर्व बटालियन-2 खूंटी के सीनियर डीएसपी अनुदीप सिंह को भी राज्य पुलिस सेवा कैडर से आईपीएस में प्रन्नोत किया गया है। एसीबी रांची के सीनियर डीएसपी सहदेव साव, बालूमाथ एसडीपीओ व सीनियर डीएसपी अजीत कुमार, लोहरदगा अभियान सीनियर डीएसपी दीपक कुमार पांडेय, सीनियर डीएसपी खलारी रांची अनिमेष नैथानी को भी आइपीएस में प्रनोत किया गया है।इसके अलावा, अजय कुमार-1,आरिफ एकराम, मनीष टोप्पो, कैलाश करमाली और पितांबर सिंह खेरवार को भी आइपीएस में प्रन्नोत किया गया है।

## उत्कृष्ट विद्यालयों में एक जुलाई को होगा प्रवेश उत्सव का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** राज्य के 80 उत्कृष्ट स्कूलों में एक जुलाई को फ्रेशर्स डे का आयोजन होगा। इसके लिए झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की निदेशक किरण कुमारी पासी ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी को पत्र लिखा है। पत्र के जरिये उन्होंने कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी है। निदेशक ने कहा है कि राज्य के 80 उत्कृष्ट विद्यालय में नामांकन की प्रक्रिया शुरू है। इसे 30 जून तक पूर्ण कर लेना है। नामांकन की प्रक्रिया की खत्म होने के साथ ही सत्र 2023-24 के लिए पठन पाठन का कार्य विधिवत रूप से प्रारम्भ कर दिया जाएगा। सभी उत्कृष्ट विद्यालयों में बच्चे पहली बार पठन-पाठन के लिए आएंगे। ऐसे में आवश्यक है कि उनके प्रवेश को हर्षोल्लास के साथ उत्सव के रूप में मनाया जाए। नये नामांकित बच्चों का स्वागत किया जाए। इसलिए एक जुलाई को सभी उत्कृष्ट विद्यालयों में प्रवेशोत्सव समारोह का आयोजन किया जाए। प्रवेशोत्सव समारोह की सूचना सभी विद्यार्थियों को दी जाए। साथ ही इसमें अभिभावकों को भी शामिल किया जाय। निदेशक ने कहा है कि सभी उत्कृष्ट विद्यालयों में प्रवेशोत्सव समारोह का आयोजन करने के लिए अपने स्तर से सभी विद्यालयों के निर्देशित करेंगे। समारोह के आयोजन के बाद इसका प्रतिवेदन राज्य कार्यालय को भी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

# भाजपा सरकार और संगठन में बदलाव के संकेत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**नयी दिल्ली:** भाजपा सरकार और संगठन में बहुत जल्द बदलाव होने वाला है। इसी बदलाव को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और पार्टी के संगठन महासचिव बीएल संतोष के साथ बैठक की। प्रधानमंत्री आवास पर हुई इस बैठक में सरकार और संगठन में बड़े फेरबदल पर चर्चा हुई। इसमें चुनावी राज्यों राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में बड़ा बदलाव होने की खबर है। इन राज्यों से कुछ लोगों को सरकार में लाया जा सकता है तो कुछ मंत्रियों को बेहतर कामकाज के लिए संगठन में भेजा जा सकता है। इस बदलाव को मानसून सत्र के पहले मूर्त रूप दिया जा सकता है। जिसके जुलाई महीने के दूसरे सप्ताह के बाद आयोजित किए जाने की संभावना है। इस बैठक से पूर्व गृहमंत्री अमित शाह ने जेपी नड्डा, बीएल संतोष और आरएसएस के एक शीर्ष पदाधिकारी अरुण कुमार के साथ कम से कम पांच मैराथन बैठक की थी। पांच जून, छह जून और सात जून को इन शीर्ष नेताओं ने भाजपा मुख्यालय पर लंबी बैठक कर पार्टी में बदलाव की रूपरेखा तैयार की थी। प्रधानमंत्री के साथ हुई बैठक में इन बदलावों पर चर्चा हुई और पीएम ने बदलावों पर अपनी मुहर लगाई। पार्टी में कई नेताओं का भाग्य बदल सकता है तो कुछ नेताओं को संगठन में भेजकर उन्हें चुनावी कार्यों में लगाया जा सकता है। पार्टी चुनावी राज्यों में बेहतर प्रदर्शन कर चुके कुछ नेताओं को चुनावी राज्यों में चुनाव प्रभारी के तौर पर नियुक्त कर सकती है। वहीं, केंद्रीय मंत्रियों अनुराग ठाकुर, धर्मेंद्र प्रधान और भूपेंद्र यादव की जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं। बिहार में बढ़ी राजनीतिक सक्रियता को देखते हुए राज्य के कुछ नेताओं को संगठन में महत्वपूर्ण भूमिका सौंपी जा सकती है। तेलंगाना में पार्टी अध्यक्ष बंडी संजय कुमार को लेकर कार्यकर्ताओं में काफी रोष था, वहां पर भी कुछ बदलाव कर चुनावी समीकरण साधने की कोशिश की जा सकती है। गौरतलब है कि जिस तरह विपक्षी दलों ने पटना में एकता बैठक कर भाजपा को चुनौती देने की कोशिश की है, उससे भी पार्टी को अपनी चुनावी तैयारियों को दुबारा सही करने की जरूरत महसूस हुई है। कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश के चुनाव परिणामों ने भी पार्टी को अपनी चुनावी रणनीति पर पुनर्विचार करने की जरूरत बताई है।





# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

झारखण्ड

रांची, शुक्रवार, 30 जून 2023 | पेज 2


## नाला में मिट्टी भरने से हुआ जाम बारिश में घर में घुसा पानी

**राजमहल(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** राजमहल प्रखंड क्षेत्र के महा सिंह



पुर पंचायत अंतर्गत कटघर गांव में बारिश का पानी कई लोगों के घर में प्रवेश कर गया है। जानकारी के अनुसार स्थानीय ग्रामीण दिनेश महतो, पटवारी मरांडी, करवा महतो व सपन महतो ने बताया कि घर के समीप बने नाले में मिट्टी भर दिया गया है। जिसके कारण नाला अवरुद्ध हो गया है। अब नाला का पानी घरों में प्रवेश कर रहा है और इसी बीच बारिश हो जाने के कारण घर में रहना मुश्किल हो रहा है।

## अल्बेस्टर टूटकर गिरने से एक घायल

**राजमहल(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** राधानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत अमानत दियारा पंचायत क्षेत्र में गुरुवार को घर का अल्बेस्टर टूटकर गिरने से एक 19 वर्षीय युवक घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार बारिश के कारण घर के छप्पर में अल्बेस्टर लगा हुआ था जो टूट कर गिर गया। घटना में अमानत दियारा पंचायत के रामू मंडल के 19 वर्षीय पुत्र सोनू मंडल घायल हो गए। जिसे इलाज हेतु राजमहल अनुमंडल अस्पताल लाया गया। खबर लिखे जाने तक युवक का इलाज चल रहा था।

## पोबी निवासी समाजसेवी का ट्रैक्टर दुर्घटना में निधन, अंतिम दर्शन को पहुचे काफी लोग

**गिरिडीह/जमुआ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के पोबी निवासी सामाजिक कार्यकर्ता व मृदुभाषी पत्रकार योगेश पांडेय गुरुवार की सुबह एक हादसे में बुरी तरह जख्मी होकर इस दुनियां को अलविदा कह गए। जानकारी अनुसार घर के पास ही कीचड़ में फसे ट्रेक्टर को निकलने के प्रयास के दौरान अचानक ट्रेक्टर के बैक होने की वजह से योगेश जी उसके चपेट में आ गये जिससे मौके पर ही उनकी निधन हो गई। खबर सुनकर लोग शोक संतप्त हो उठे वही परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। खबर पाकर विभिन्न दलों के नेताओ, पत्रकारो, सामाजिक कार्यकर्ताओं की भीड़ उनके अंतिम दर्शन के लिए पोबी में उमड़ गयी। जमुआ के विधायक केदार हजरा, पूर्व विधायक गांडेय जय प्रकाश वर्मा प्रमुख प्रतिनिधि संजीत यादव, जनता की आवाज के सुधीर द्विवेदी, अजीत राय, बिनोद वर्मा, रोहित कुमार भाजपा के नेता अशोक उपाध्याय, बम शंकर उपाध्याय, केदार यादव, आजसू के शंकर यादव, आजय दुबे, जे एम एम के चीना खान, यादव सेना के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र यादव, उप प्रमुख रब्बुल हसन, थाना प्रभारी जमुआ पप्पू कुमार,शिक्षक बसन्त साव, भाकपा माले के नेता मो असगर अली,कांग्रेस के मरूतिनन्दन पांडेय, साक्षरता मिशन के नन्दलाल ,युवा समाजसेवी राजू, स्थानीय ग्रामीण संपूर्ण, सहित क्षेत्र के बहुत से लोग पहुंचे।

## अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज ने वरिष्ठ समाजसेवी नागेंद्र नाथ चौबे को किया सम्मानित

**तोपचांची(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** तोपचांची थानांतर्गत चौबेडीह ग्राम निवासी 76 वर्षिय वरिष्ठ समाजसेवी नागेन्द्र नाथ चौबे को अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज तथा सम्पुर्ण विप्र समाज के लोगों ने उनके ही आवासीय परिसर में माला पहनाकर एवं अंग वस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस मौके पर सर्वप्रथम पंडित हरेन्द्र नाथ तिवारी एवं धुर्येटि प्रसाद दूबे ने मंगलाचरण एवं स्वस्तिवाचन किया। तत्पश्चात ब्राह्मण समाज के सुरेश चन्द्र तिवारी, रविन्द्र कुमार तिवारी, बलराम उपाध्याय, राजेन्द्र उपाध्याय, समीर कुमार चौबे, पवन कुमार दूबे आदि ने माला, अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। रविन्द्र कुमार तिवारी ने इस अवसर नागेन्द्र नाथ चौबे के जीवनी एवं समाज के प्रति किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला।

## भाजपा ने चलाया महाजनसंपर्क अभियान

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारतीय जनता पार्टी (ग्रामीण) धनबाद जिला (धनबाद लोकसभा) निरसा विधानसभा कलियासोल मंडल में भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह रैना, साथ में निरसा विधायक अपर्णा सेन गुप्ता तथा धनबाद ग्रामीण जिला अध्यक्ष ज्ञान रंजन सिन्हा को पुष्प गुच्छ व फूलों की माला से जोरदार व भव्य स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल 9 वर्ष के उपलक्ष्य मे कलियासोल ग्राम में महाजनसंपर्क अभियान भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह रैना, जिला संयोजक जय प्रकाश सिंह व मैथन के वरिष्ठ नेता अखिलेश्वर तिवारी, मंडल अध्यक्ष गोपाल भारती, साथ में प्रकाश भारती, पोरस दास, उत्तम दास, देवासिश मंडल, तमाल मंडल, विमल प्रमाणिक, विश्वजीत मंडल, इत्यादि सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता ने घर घर जाकर महाजनसंपर्क अभियान चलाया। तथा विशिष्ट शिक्षक को सम्मानित किया गया।

# शांतिपूर्ण माहौल में भाई चारे के साथ मनाई गई बकरीद, नमाज अदायगी के बाद दी कुर्बानी

## पर्व को लेकर मुस्तैद रही पुलिस, सोशल मीडिया व उपद्रवियों पर थी कड़ी नजर







**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** जिले में गुरुवार को बकरीद का पर्व शांतिपूर्ण माहौल में भाईचारे के साथ मनाया गया। जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण इलाकों और प्रखंडों में बकरीद की दो रकात नमाज सादगी के साथ अदा की गई। ईद उल अजहा यानी बकरीद को लेकर मुस्लिम भाइयों में गजब का उत्साह दिखा। भाईचारा और सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने में सभी समुदायों का सहयोग रहा। प्रशासन भी पुरी तरह मुस्तैद रही। प्रशासनिक सक्रियता से हमेशा की तरह इस बार भी शांतिपूर्ण माहौल में बकरीद का पर्व संपन्न हुआ। इधर बकरीद की नमाज अदायगी को लेकर शहर एवं ग्रामीण इलाकों में पूर्व निर्धारित समय के मुताबिक नमाज अदा की गई। पाकुड़ ईदगाह में सुबह 7ः00 बजे, ख्वाजा गरीब नवाज में भी सुबह 7:00 बजे, हाटपाड़ा मस्जिद में 7:30 बजे, जामा अतरिया मस्जिद 7:30 बजे, बड़ी मस्जिद हरिणडांगा बाजार में 8ः00 बजे, अलीगंज मस्जिद में 7:15 बजे, अलीगंज अहलेहदिस मस्जिद में 6:30 बजे नमाज अदा की गई। इसके अलावा ग्रामीण इलाकों में सुबह 6:00 बजे से 8:00 बजे तक के बीच नमाज अदा की गई। यहां बता दें कि ईद की नमाज अदायगी एवं कुर्बानी की तैयारियां बुधवार रात तक चला। नमाज अदायगी के लिए मस्जिद और ईदगाहों की साफ-सफाई के साथ ही

### ईदगाह व मस्जिदों के आसपास की गई थी जवानों की तैनाती

सजाया गया था। इधर बाजार में ईद की खरीदारी को लेकर बाजार में अंतिम दिन बुधवार को भी काफी भीड़भाड़ रही। कपड़ा दुकानों से लेकर खाने-पीने और किराना दुकानों में भीड़ उमड़ पड़ी थी। लोगों ने देर रात तक खरीदारी किया। वहीं टोपी, रुमाल और इत्र की दुकानों में भी काफी भीड़ थी। इधर बकरीद का पर्व भाईचारा और सौहार्दपूर्ण वातावरण में शांतिपूर्वक संपन्न कराने में प्रशासन मुस्तैद थी। पुलिस प्रशासन सोशल मीडिया और उपद्रवियों पर कड़ी नजर बनाई हुई थी। पुलिस अधीक्षक हृदिप पी जनार्दन ने लोगों से शांतिपूर्ण माहौल में पर्व मनाने और भाईचारा कायम रखने के लिए सहयोग की अपील की थी। पुलिस अधीक्षक ने माहौल खराब करने की कोशिश करने वालों को चेतावनी भी दिया था। उन्होंने कहा था कि सोशल मीडिया पर पैनी नजर रहेगी। यह भी कहा था कि माहौल खराब करने वालों पर भी पुलिस नजर रख रही है। किसी भी तरह के सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट या अफवाह फैलाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने ऐसे लोगों की सूचना देने की भी अपील की थी। ताकि पर्व के दौरान किसी तरह का माहौल खराब नहीं हो। शांतिपूर्ण तरीके से नमाज अदा करने में सभी से सहयोग की अपील की थी। इधर शांतिपूर्ण तरीके से बकरीद मनाने में पुलिस के अहम योगदान को लेकर लोगों ने पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया है।

**खराब मौसम की वजह से नमाज को लेकर बनी रही असमंजस की स्थिति :-** ईद उल अजहा यानी बकरीद की नमाज अदायगी को लेकर खराब मौसम की वजह से असमंजस की स्थिति बनी रही। विशेषकर ग्रामीण इलाकों में खराब मौसम को लेकर मुस्लिम समाज असमंजस में थी। यह तय जरूर किया गया था कि मौसम खराब रहने या बारिश होने की स्थिति में मस्जिदों में नमाज अदा की जाएगी।

बुधवार की शाम ईदगाहों में नमाज अदायगी की घोषणा की गई थी। तब तक मौसम लगभग ठीक-ठाक था। लेकिन सुबह आसमान में बादल मंडराने लगा। हल्की बूंदाबांदी भी होने लगी। इस दौरान मस्जिद या ईदगाह कमेटी यह तय नहीं कर पा रही थी कि नमाज मस्जिद में पढ़ा जाए या ईदगाहों में अदा किया जाए। इसी दौरान बारिश ने जोर पकड़ लिया और फिर अंत में मस्जिदों में नमाज अदायगी की घोषणा की गई। फिर मुस्लिम भाइयों का मस्जिदों में पहुंचना शुरू हो गया।

## ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** गुरुवार को ईद उल अजहा बकरीद की नमाज गिरिडीह के कई कब्रिस्तान में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अदा कर मुल्क में अमन चैन की दुआ मांगी. दौरान जिले भर में सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम किया गया था. अहले सुबह से ही मुस्लिम समुदाय की भीड़ कब्रिस्तान में जुटना शुरू हो चुका था. तय वक्त पर नमाजियों ने बकरीद की नमाज अदा किया. इसके बाद एक दूसरे को गले मिलकर बधाई देते दिखे. सुरक्षा को लेकर सदर एसडीएम विषालदीप खलको, डीएसपी संजय राणा, एसडीपीओ अनिल सिंह, मुकेश महतो, मनोज महतो समेत जिले भर के थाना प्रभारी रामनारायण चौधरी, कमलेश पासवान, मुकेश सिंह, शशिकांत सिंह, नीतीश कुमार, पप्पू कुमार समेत कई थानेदार सुरक्षा को लेकर मुस्तैद दिखे. खास तौर पर इदगाहों के बाहर अधिकारी और पुलिस जवान तैनात थे. शहर के आधा दर्जन कब्रिस्तान के बाद ग्रामीण इलाकों के कब्रिस्तान में कुर्बानी के इस पर्व पर जिले भर में प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी नही हो. इसे लेकर खास ध्यान रखा जा रहा था और इलाकों में बरती जा रही थी.

## राजमहल ईदगाह में अदा की ईद-उल-अजहा की नमाज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**राजमहल :** राजमहल शहर एवं ग्रामीण सहित विभिन्न इलाकों में गुरुवार को ईद-उल-अजहा बकरीद का पर्व परंपरागत तरीके से मनाया गया। त्याग और समर्पण के प्रतीक स्वरूप कुर्बानियां दी गई। बकरीद के नमाज के दौरान इस्लाम धर्मावलंबियों ने अमन शांति एवं खुशहाली की दुआएं मांगी। राजमहल स्थित फुलवारिया ईदगाह, मानसिंघा ईदगाह, लखीपुर ,मोगलानिक चक,नयाबाजार ,काशिम बाज़ार, सहित अन्य ईदगाहों में बकरीद की नमाज अकीदत के साथ अदा की गई। पर्व को लेकर सुबह से ही लोगों में उत्साह देखा गया। नए कपड़े पहनकर लोग विभिन्न ईदगाह और मस्जिदों में जमा होने लगे थे।फुलवरिया ईदगाह में नमाज के दौरान अब्दुल खालिक अशर्फी ने कहा कि ईद उल अजहा बलिदान और संयम का दिन है। इस्लामी



कैलेंडर के अंतिम माह जिलहिज्जा की दसवीं तारीख को यह पर्व मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि कुर्बानी आत्मा को शुद्ध करने का एक उत्तम साधन है। कुर्बानी में इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि दिखावे के लिए न हो। उन्होंने कहा कि हजरत इब्राहिम ने अल्लाह के हुक्म पर अपने बेटे हजरत इस्माइल को कुर्बानी देने के लिए तैयार हो गए थे। अल्लाह को यह अदा काफी पसंद आई। इसके बाद सभी लोगों ने त्याग एवं समर्पण के प्रतीक स्वरूप के अनुसार बकरे की कुर्बानी दी गई। उसके बाद देर शाम तक कुर्बानियों का सिलसिला चलता रहा। वहीं अन्य धर्मों के लोगों ने इस्लाम धर्मावलंबियों से गले मिलकर बधाई दी। मौके पर लोगों ने कहा कि ईद उल अजहा एकता का संदेश देता है। पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड पर था . जहां शहर के सभी संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल तैनात थी।

## उधवा के पहाड़ गांव स्थित ईदगाह में ईद-उल-अजहा की नमाज में जुटे हजारों की तादाद में नमाजी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उधवा :** उधवा प्रखंड क्षेत्र में गुरुवार को बकरीद पर्व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। जानकारी के अनुसार पहाड़गांव, दरगाहडांगा, जंगलपाड़ा, इंग्लिश, कटहलबाड़ी, बेगमगंज, पूर्वी प्राणपुर, पश्चिमी प्राणपुर, दक्षिण पलाशगाछी, उत्तर पलाशगाछी, पियारपुर, अमानत दियारा, बालुगांव, मसना चांदशहर सहित अन्य ईदगाह तथा मस्जिदों में ईद उल अजहा की नमाज अदा की गई। सुबह सात बजे से ईदगाहों में लोगों की भीड़ लगने शुरू हो गई। लोगों ने स्नान कर नए-नए कपड़े पहनकर नमाज अदा करने के लिए ईदगाह पहुंचे। सभी ईदगाह तथा मस्जिदों में निर्धारित समय के अनुसार लोगों ने नमाज अदा कर अल्लाह की इबादत किया। वहीं बकरीद पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन क्षेत्रों में मुस्तैद रहें। राधानगर थाना प्रभारी राकेश कुमार दल-बल के साथ विभिन्न ईदगाह पहुंचे। ईदगाह के बाहर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम देखा गया। वही उधवा के पहाड़ गांव स्थित ईदगाह में ईद उल अजहा की नमाज में हजारों की तादाद जुटी थी। मौके पर राधानगर थाना के पुलिस अवर निरीक्षक रत्नेश्वर सिंह ,सहायक अवर निरीक्षक मनोज शर्मा, धर्मेन्द्र साहा, बृद्धिचंद्र मिश्रा सहित अन्य मौजूद थे।

## शांति पूर्ण माहौल में मनाया गया बकरीद का त्यौहार



**तीनपहाड़(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** तीनपहाड़ एवं आसपास के क्षेत्रों में गुरुवार को ईद उल अजहा(बकरीद) का त्यौहार शांति पूर्ण माहोल में मनाया गया।वही तीनपहाड़ नूरी जामा मस्जिद में सुबह 8बजे और गोसिया जामा मस्जिद में सुबह 7 बजकर 30 मिनट में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नमाज अदा कर देश में अमन चैन के लिए दुआएं मांगी।वही क्षेत्र में हो रही बारिश की वज़ह से ईदगाह्न में नमाज नही पढ़ी गई।जिससे बच्चो और युवाओं में थोड़ी सी मायूसी छाई रही लेकिन नमाज के वक्त बारिश के रुके रहने से लोगो ने नमाज अदा करने के बाद एक दूसरे से गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी। इसके साथ ही उस अजीम कुर्बानी को याद किया गया जो हजरत इब्राहिम ने अपने रब के हुकुम से पेश की थी।

## कोयलांचल में अकीदत व उत्साह के साथ मनाई गई बकरीद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** मुस्लिम धर्म का दुसरा सबसे बड़ा त्योहार ईद उल अजहा (बकरीद) पुरे कोयलांचल मे बड़े ही अकीदत और उत्साह के साथ मनाया गया। मुस्लिम बाहुल क्षेत्र मे सुबह से ही काफी उत्सव का माहौल रहा। ईदगाहों और मस्जिदों में गुरुवार की सुबह नमाज़ियों की भीड़ उमड़ पड़ी। सभी ने ईद उल अजहा की नमाज अदा की और देश व दुनिया मे अमन, शांति, सुख, समृद्धि और आपसी भाईचारा कायम रहे, इसके लिये अल्लाह से दुआएं भी की। नमाज के बाद सभी ने एक दुसरे से गले मिले और बकरीद की मुबारकबाद दी। तत्पश्चात परंपरा के अनुसार अल्लाह की राह मे कुर्बानियां पेश की गयीं। जहां एक ओर पुरे कोयलांचल मे बकरीद का त्योहार शांतिपूर्वक एवं



सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ वहीं दुसरी ओर कई जगहों पर गंगा जमुनी तहजीब, आपसी एकता और भाईचारा की मिशालें भी देखने को मिली। नमाज से पूर्व इमामों ने कुर्बानी के महत्व पर प्रकाश डाला और सभी से इस त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की गई। सामाजिक महौल खराब न हो और कोई अप्रिय घटना ना घटे, इसके लिए जिला प्रशासन पुरी तरह से मुस्तैद रही। वहीं मुस्लिम इलाकों मे चारों तरफ काफी चहल पहल बनी रही। विशेष कर बच्चे काफी उत्साहित दिखे। कई स्थानों पर छोटे पैमाने पर मेला का भी आयोजन हुआ जहां बच्चे झूलों का लुत्फ उठाते भी देखे गए। सोशल मीडिया पर भी एक दुसरे को बधाई देने का तांता लगा रहा। सभी धर्म के लोगों ने एक दुसरे को बकरीद की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए प्रेम और एकता का परिचय दिया।

## शांतिपूर्ण ढंग से मना बकरीद का त्योहार लोगों ने मांगी अमन चैन की दुआ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मंडरो :** प्रखंड क्षेत्र में बकरीद का त्योहार धूमधाम से मनाया गया ,थाना प्रभारी ने क्षेत्र का किया मुआयना। त्याग और समर्पण के प्रतीक स्वरूप कुर्बानियां दी गई। बकरीद के नमाज पढ़कर अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने अमन शांति एवं खुशहाली की दुआएं मांगी। प्रखंड क्षेत्र के मिर्जाचौकी तेतरिया ,नामनगर शाहाबाद सहित अन्य ईदगाह में बकरीद की नमाज अकीदत के साथ अदा की गई । नमाज के बाद एक दूसरे को गले लगाकर बधाई दिया गया । त्यौहार को लेकर सुबह से ही लोगों में उत्साह



देखा गया। पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे ।वही मिर्जाचौकी थाना प्रभारी प्रकाश रंजन द्वारा क्षेत्र में भ्रमण कर क्षेत्र का मुआयना किया गया। वही बकरीद त्योहार के अवसर पर सलेमपुर पंचायत मुखिया प्रतिनिधि घनश्याम दास शाहाबाद पहुँच कर एक दूसरे से गले मिलकर बधाई दिए । वही मौलाना ने कहा कि बकरीद बलिदान और संयम का दिन है।

उन्होंने कहा कि कुर्बानी में इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि दिखावे के लिए ना हो । यह त्यौहार एकता का संदेश देता एकता से बड़ी कोई दौलत नहीं है ।

## पियारपुर स्थित ईदगाह में लोगों ने अदा की बकरीद की नमाज



**उधवा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पियारपुर स्थित नई ईदगाह में गुरुवार को बकरीद के मौके पर नमाज अदा की गई इस दौरान लोगों ने धर्मगुरु के अगुवाई में नमाज अदा कर एक-दूसरे को बकरी ईद की बधाई दी। मौके पर जन प्रतिनिधि मोहम्मद तमरुद्दीन, हबीबुर रहमान, अताउर रहमान, रफीकुल सहित अन्य मौजूद थे।

## साहेबगंज में मौसम खराब रहने के कारण मस्जिदों में अदा की गई बकरीद की नमाज



**साहेबगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** साहेबगंज में ईद उल अज़हा की नमाज जो ईदगाह में होती थी । मौसम खराब होने की वजह से हर मोहल्ले के लोग अपने अपने मोहल्ले की मस्जिदों में हंसी खुशी नमाज अदा की। उसके बाद एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद देते हुए अपने घरों की तरफ रवाना हो गए।

**संक्षिप्त खबरें**

## पहली बार फोन छिनतई की घटनाओं पर बनी वेब सीरीज फोन चोर

**रांची।** 30 जून को यूट्यूब पर रिलीज हो रही है वेब सीरीज फोन चोर. रांची के कडरू स्थित झारखंड फिल्म एंड थियेटर एकेडमी के बैनर तले बनी ये वेब सीरीज शहर में लगातार घट रही फोन छिनतई की घटनाओं से प्रेरित है, जिसके लेखक और निर्देशक हैं राजीव सिन्हा। सात एपिसोड में बनी इस पूरे वेब सीरीज को आईफोन 12 के कैमरे से शूट किया गया है। राजीव सिन्हा के मुताबिक जेएफटीए के दो स्टूडेंट्स के साथ फोन छिनतई की घटना हुई थी, जिसके बाद ही इस वेब सीरीज की कहानी लिखी गई, गौरतलब है कि अब तक इस विषय पर कभी भी कोई फिल्म नहीं बनी, जबकि शहर में कई लोग हैं जो इस समस्या के भुखभोगी हैं। इस वेब सीरीज में इस समस्या का समाधान भी निर्देशक ने बताने की कोशिश की है।वेब सीरीज में काम कर चुके कलाकारों में शामिल हैं अपराजिता रॉय, कुमार नीतीश, मुस्कान मेधा, शिवेंद्र कुमार, श्रुति जयसवाल, दीपेंद्र कुमार, सोमकान्त, चंदन कुमार, सौरव मंडल, सामर्थ झा, सौरव मेहता, मोंटी रॉक, अंकिता कुमारी और रौशन अग्रवाल।

## मुख्यमंत्री ने ओत् गुरु कोल लाको बोदरा को दी श्रद्धांजलि

**रांची :**मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने गुरुवार को आदिवासी हो भाषा वारंग क्षिति लिपि के निर्माता ओत् गुरु कोल लाको बोदरा की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। झारखंड की समृद्ध जनजातीय और क्षेत्रीय भाषा संवर्धित रहेगी, तो राज्य सतत विकास के पथ पर आगे बढ़ेगा।

# रांची में शांतिपूर्ण ढंग से अदा की गई ईद-उल-अजहा की नमाज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर गुरुवार की सुबह रांची और आसपास क्षेत्रों के विभिन्न मस्जिदों और ईदगाहों में बकरीद की नमाज अदा की गई। इसके बाद लोगों ने एक-दूसरे के गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी। कुछ जगहों पर मस्जिद के बाहर भी नमाज अदा की गई। इस दौरान रांची पुलिस भी बेहद सतर्क है। संवेदनशील स्थानों पर सुबह पांच बजे से ही पुलिस बल मुस्तैद है। रांची में ईद उल अजहा को लेकर काफी उत्साह देखने को मिला। हालांकि, तीन दिनों से हो रही लगातार बारिश की वजह से थोड़ी खलल जरूर पड़ी। बारिश की वजह से ही रांची के हरमू रोड ईदगाह में कई वर्षों के बाद नमाज अदा नहीं की गई। अंजुमन इस्लामिया ने यह तय किया कि ईदगाह में इस बार नमाज अदा नहीं की जाएगी। भारी बारिश की वजह से यह फैसला लिया गया। रांची के मेन रोड, डोरंडा, हिंदपीढ़ी, बरियातू, कांके, पिठोरिया, अरगोड़ा सहित तमाम मस्जिदों में हल्की बूंदाबांदी के बीच ईद उल अजहा की नमाज अदा की गई।

**पुलिस अलर्ट, सभी थाना प्रभारी रहे मौजूद:** बकरीद को देखते हुए राजधानी के सभी संवेदनशील इलाकों में पुलिस बल के साथ ड्रोन की टीम को भी तैनात किया गया था। सभी थाना प्रभारी नमाज के वक्त अपने अपने इलाकों में भ्रमणशील रहे। रांची में दो हजार पुलिस बलों की तैनाती की गई है। खासकर वैसे ही इलाके जहां बकरीद के समय पूर्व में सामाजिक सौहार्द्र बिगड़ा था, वहां विशेष निगरानी रखी जा रही है। सोशल मीडिया पर भी विशेष नजर पुलिस के द्वारा रखी जा रही है। रांची पुलिस के द्वारा एक दिन पूर्व ही यह संदेश जारी कर दिया गया था कि अगर कोई भी सामाजिक सौहार्द्र को बिगाड़ने की कोशिश करेगा तो उसे बख्शा नहीं जाएगा।

# प्रधानमंत्री सौभाग्य योजना के अंतर्गत भारत के हर कोने में विद्युत संरचना मौजूद : संजय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** आजादी के अमृत महोत्सव को मनाते हुए आईएमए भवन में आयोजित बिजली उत्सव के मंच से राँची के लोकसभा सांसद संजय सेठ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू की गयी जनकल्याणकारी प्रधानमंत्री सहज बिजली योजना के अंतर्गत देश के हर कोने तक विद्युत् संरचना को स्थापित करने की उपलब्धि को ऐतिहासिक बताया। कहा कि इस योजना को महज 6 सालों में क्रियान्वित किया गया है जो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसे कुशल राजनेता के दिशा निर्देश में संभव था. साल 2015 से 2021 तक चली इस योजना के अंतर्गत न सिर्फ भारत के हर टोले तक बिजली पहुँचाने का काम केंद्र सरकार ने किया अपितु गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले नागरिकों को निशुल्क बिजली का कनेक्शन दिया, बिजली जैसी मूलभूत सुविधा को जनता से दूर रखकर पूर्व की कांग्रेस सरकार ने जनता को ठगने और पीछे धकेलने का काम किया है.सौभाग्य योजना से 11 लाख 41 हजार लोग अब तक लाभान्वित हो चुके हैं और इस परियोजना को सफलतापूर्वक करने के लिए केंद्र सरकार ने 472 करोड़ रूपये लगाए हैं, प्रधानमंत्री सहज बिजली योजना के अंतर्गत अब तक 25,000 गाँव तक बिजली पहुंचाई जा चुकी है जिसकी लागत लगभग 5,500 करोड़ रुपये हैं. इस योजना के अंतर्गत अब तक गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले 2 लाख 48 हजार परिवार लाभान्वित हो चुके हैं और उन्हें निशुल्क बिजली का कनेक्शन दिया जा



चुका है।झारखण्ड में कुल 25 केवीए के 55,000 नए ट्रांसफार्मर लगे हैं, इन्हें लगवाने के लिए केंद्र सरकार ने 3,500 करोड़ का अनुदान दिया है। इस मौके पर उन्होंने राँची जिला में लगे 1369 नए ट्रांसफॉर्मरों को केंद्र सरकार की राँचीवासियों को सौगात बताया, इन ट्रांसफॉर्मरों को बनाने में कुल 430 करोड़ की लागत आयी, जिसका 60 प्रतिशत केंद्र सरकार ने दिया. इससे गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले कुल 26,382 परिवार लाभान्वित हुए और उनके जीवन में रौशनी आयी.

केंद्र सरकार की भविष्यवादी योजना, ऋष्ठस्स के बारे में बताते हुए लोकसभा सांसद न कहा कि, भारत आज ना सिर्फ बिजली का उत्पादन कर रहा है अपितु अपने तकनीक में सुधार कर रहा है. आज भारत विद्युत् उत्पादन में 3200 करोड़ रुपये बचा रही है. भविष्य में भारत विश्व में ऊर्जा का बड़ा निर्यातक बनने जा रहा है।

## राजधानी एक्सप्रेस के इंजन का करंट वायर टूटा, एक घंटे खड़ी रही ट्रेन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** दिल्ली से रांची आ राजधानी एक्सप्रेस के इंजन का लाइन करंट वायर गुरुवार को रांची-लोहरदगा लाइन के टांगरसबसली स्टेशन के समीप अलग होकर गिर गया। इस वजह से बीच रास्ते में करीब एक घंटे तक ट्रेन खड़ी रही। इंजन में खराबी आने से यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। ट्रेन निर्धारित समय से एक घंटे की देरी से 10.15 बजे रांची रेलवे स्टेशन पर पहुंची। रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि आंधी-तूफान और अत्यधिक बारिश के कारण इंजन से लाइन करंट वायर अलग हो गया था। सूचना मिलने के बाद इसे ठीक करा लिया गया है। यह ट्रेन दिल्ली से रांची आ रही थी।

## झारखंड सरकार ने अखबारों पर नजर रखने के लिए बनाया मॉनिटरिंग पॉर्टल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड सरकार ने प्रिंट मीडिया में छपी खबरों पर नजर रखने के लिए 'प्रिंट मीडिया मॉनीटरिंग पोर्टल' बनाया है। सरकार से जुड़ी कितनी खबरें छपी हैं, कितनी खबरें सरकार के खिलाफ हैं, इन सबकी मॉनीटरिंग पोर्टल के जरिये की जायेगी। अधिकारियों को खबरों की मॉनीटरिंग और उन्हें पोर्टल के डैशबोर्ड पर अंकित करने का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री की प्रधान सचिव सह मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग की प्रधान सचिव वंदना डाडेल ने राज्य के सभी अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव, सभी उपायुक्त को पत्र जारी कर समाचार




पत्रों में प्रकाशित भ्रामक खबरों (फेक न्यूज) पर खंडन भेजने का निर्देश दिया है। उन्होंने लिखा है कि विभिन्न विभागों से संबंधित फेक न्यूज समाचार पत्रों में प्रकाशित किये जाने के मामले प्रकाश में आये हैं। इससे लोगों में भ्रम की स्थिति उत्पन्न होती है एवं सरकार की छवि भी धूमिल होती है। इस प्रकार की खबरों का खंडन किये जाने तथा प्रकाशित खबर या रिपोर्ट पर वस्तुस्थिति स्पष्ट किये जाने की आवश्यकता है। उन्होंने अनुरोध किया है कि समाचार पत्रों में भ्रामक खबर प्रकाशित होने की स्थिति में वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए, इसकी सूचना निदेशक, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखंड को उपलब्ध करायी जाये।

## दीपक प्रकाश ने पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी से की मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने गुरुवार को संपर्क से समर्थन अभियान के तहत रांची के डीबडीह में आठ बार इंटरनेशनल हॉकी में भारत का नाम रोशन करने वाली कांति बा और उनके 16 वर्ष के पुत्र और नेशनल बास्केटबॉल प्लेयर अनिक लकड़ा से मुलाकात की।

इस दौरान भाजपा प्रदेश मंत्री काजल प्रधान एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिन्हा उपस्थित थीं।

## कई लोग झामुमो में हुए शामिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची के हरमू रोड स्थित झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केन्द्रीय कार्यालय (कैम्प) में कई लोगों ने गुरुवार को पार्टी का दामन थामा। पार्टी के दामन थामने वालों में लोहरदगा जिला की जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की के नेतृत्व में धनबाज उरांव (मुखिया), पूनम उरांव (पंचायत समिति सदस्य), सुमंती उरांव (वार्ड सदस्य) सहित कई महिला एवं पुरुष पार्टी में शामिल हुए।सभी ने पार्टी के नीती-सिद्धान्तों पर आस्था एवं पार्टी के अध्यक्ष दिशोम गुरू शिबू सोरेन एवं कार्यकारी अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन जी के नेतृत्व पर विश्वास व्यक्त करते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेता विनोद कुमार पाण्डेय के समक्ष पार्टी में शामिल हुए।



# अंजुमन इस्लामिया के फरमान के बाद रांची ईदगाह में नहीं हुई ईद उल अजहा की नमाज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** अंजुमन इस्लामिया की कमेटी ने अपने लेटर पैड पर एक फरमान जारी कर बताया कि बरसात का महीना है इसको देखते हुए हरमू रोड स्थित रांची ईदगाह में बकरीद ईद उल अजहा की नमाज गुरुवार को अदा नहीं की जाएगी। इस बयान के बाद ईद उल अजहा की नमाज हरमू रोड स्थित रांची ईदगाह में नहीं पढ़ी गई ।

वहीं अपर बाजार स्थित जामा मस्जिद में ईद उल अजहा की नमाज अदा की गई। यह फरमान अंजुमन इस्लामिया के महासचिव डॉक्टर तारिक ने जारी किया था। हालांकि बारिश तो नहीं हुई डोरंडा ईदगाह सहित अन्य ईदगाहों एवं मस्जिद व मस्जिदों के बाहर भी शान के साथ नमाज अदा की गई। हरमू रोड स्थित ईदगाह में नमाज नहीं पढ़ने से लोगों में अंजुमन इस्लामिया के महासचिव डॉ तारिक के प्रति काफी आक्रोश है और सोशल साइड, फेसबुक में भी लोग अपनी प्रतिक्रियाएं दें रहें हैं।

लोगों ने कहा कि इतिहास में ऐसा पहली बार है जब से हरमू रोड स्थित रांची ईदगाह कायम हुआ है सिर्फ कोविड-19 दौरान यहां पर ईद में नमाज नहीं अदा की गई । इससे पहले भी कई बार ईद उल अजहा और ईद उल जुहा बरसात के दिन में हुआ और लोगों ने बरसात में शान के साथ नमाज अदा किया गया।

# हर्षोल्लास के साथ मनाई गई बकरीद : महताब आलम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड पुलिस एसोसिएशन के संयुक्त सचिव महताब आलम ने ईद उल अजहा बकरीद पर्व के मौके पर शहर वासियों को बकरीद की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि किसी भी पर्व का मौका हो जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं सामाजिक संगठनों के बुद्धिजीवी लोगों के संयुक्त प्रयास से ही रांची शहर में अमन व चैन बना रहता है। महताब ने अपील किया कि वे अपने घरों व मुहल्ले में ही ईद उल अजहा मनाएं।

जो लोग कुर्बानियां कर चुके हैं और उसका जो अवशेष बच जाए उसको इधर उधर ना फेंके, क्योंकि बकरीद 3 दिनों तक रहता है। एक दिन गुजर गया है,सब कुछ शांतिपूर्ण रहा। 2 दिन और अच्छी तरीके से लोग मनाएं।

इधर-उधर गंदगी ना फेंके, नगर निगम की जो गाड़ी आ रही है। उसी में वेस्टेज और अपने घर की गंदगी को उस में डाल दें। उन्होंने कहा कि रांची शहर में बकरीद पर्व पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

## राज्यपाल ने राज्यवासियों को ईद-उल-अज़हा की दी मुबारकबाद

**रांची :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने ईद-उल-अज़हा के अवसर पर राज्य वासियों को दिली मुबारकबाद दी है। राज्यपाल ने गुरुवार को कहा कि त्याग और बलिदान का प्रतीक यह त्योहार सभी को मानवता की सेवा के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर हम सभी समाज में आपसी सद्भाव, एकता और भाईचारे की भावना को और सुदृढ़ करने का संकल्प लें। उन्होंने सबकी तरक्की एवं खुशहाली की दुआ की।

# सजायाफ्ता पूर्व मंत्री बंधु तिर्की और सीबीआई को लोअर कोर्ट रिकॉर्ड उपलब्ध कराने का निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस नवनीत कुमार की कोर्ट ने गुरुवार को आय से अधिक संपत्ति मामले में सजायाफ्ता पूर्व मंत्री बंधु तिर्की और सीबीआई को लोअर कोर्ट रिकॉर्ड (एलसीआर) उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने मामले में बहस के लिए तीन अगस्त की तिथि निर्धारित की है।

सीबीआई की विशेष अदालत ने छह लाख 28 हजार आय से अधिक रुपये अर्जित करने के मामले में बंधु तिर्की को सजा सुनाई थी, जिसके खिलाफ दायर क्रिमिनल अपील की



आज सुनवाई हुई। मामले में लोअर कोर्ट रिकॉर्ड (एलसीआर) की फोटो कॉपी की प्रति पूर्व मंत्री एवं सीबीआई को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है, क्योंकि इससे पहले सीबीआई की ओर से समय की मांग की गई थी। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता निलेश कुमार ने और सीबीआई की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार ने पैरवी की।

सीबीआई ने बंधु तिर्की के खिलाफ पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा कांड में 11 अगस्त, 2010 को आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में आरसी 5/ 2010 दर्ज की थी। 16 जनवरी, 2019 को आरोप तय किये गए थे।सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने 28 मार्च, 2022 को बंधु तिर्की को दोषी करार देते हुए तीन साल की सजा सुनाई थी। साथ ही उन पर तीन लाख रुपये जुर्माना भी लगाया था। जुर्माने की राशि अदा नहीं करने पर उन्हें छह महीने की अतिरिक्त सजा भुगतने का निर्देश दिया था।

# ट्रिपल टेस्ट पर हेमंत सरकार की मंशा साफ नहीं : दीपक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने गुरुवार को ट्रिपल टेस्ट को लेकर राज्य सरकार को कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग का अभी तक पूर्ण गठन नही हुआ। आयोग अध्यक्ष विहीन है और दूसरी ओर राज्य सरकार कैबिनेट की बैठक में पिछड़ा वर्ग आयोग से ट्रिपल टेस्ट कराने का निर्णय लेती है। उन्होंने कहा कि यह सरकार पहले नामांकन फिर बाद में स्कूल खोलने पर विचार करती है। ट्रिपल टेस्ट को लेकर राज्य सरकार की मंशा साफ नहीं है। प्रकाश ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा साफ रहती तो पंचायत चुनाव में पिछड़ों के हक को सरकार नहीं मारती। पंचायतों में भी पिछड़े समाज को उचित प्रतिनिधित्व मिलता लेकिन ऐसा नहीं हुआ और अब नगर निकाय चुनाव में भी राज्य सरकार पिछड़ा समाज को धोखा देने की तैयारी में है। उन्होंने कहा कि आखिर यह सरकार अध्यक्ष विहीन पिछड़ा वर्ग आयोग से कैसा ट्रिपल टेस्ट कराना चाहती है? आयोग की भी अपनी प्रक्रिया होती है। आयोग




ट्रिपल टेस्ट का निर्णय तभी कर पाएगा जब वह पूरी तरह फंक्शन में आएगा। साथ ही कहा कि हेमंत सरकार को नगर निकाय चुनाव में हार का भय सता रहा है।

**यूरिया सब्सिडी योजना जारी रखने पर दीपक प्रकाश केंद्र सरकार को दी बधाई :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने यूरिया सब्सिडी योजना को जारी रखने के लिए केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि पैकेज में तीन वर्षों (2022-23 से 2024-25) के लिए यूरिया सब्सिडी को लेकर लगभग 3.70 लाख करोड़ रुपये आवंटित करने के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की गई है। यह पैकेज हाल ही में अनुमोदित 2023-24 के खरीफ मौसम के लिए 38,000 करोड़ रुपये की पोषक तत्व आधारित सब्सिडी (एनबीएस) के अतिरिक्त है।

# झारखंड राज्य आवास बोर्ड ने 300 दुकानों को भेजा नोटिस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** झारखंड राज्य आवास बोर्ड ने रांची के तीन सौ दुकानों को नोटिस जारी किया है। यह मामला आवासीय परिसर में शॉपिंग मॉल और दुकान खोलने से जुड़ी है, जिसमें बोर्ड ने हरमू और अरगोड़ा स्थित करीब 300 दुकानों को चिन्हित कर नोटिस जारी किया है। आवासीय परिसर में शॉपिंग मॉल और दुकान खोलने मामले में झारखंड राज्य आवास बोर्ड ओर से




नोटिस जारी होते ही दुकानदारों में हड़कंप मच गया है। बोर्ड की ओर से यह पहली नोटिस है वहीं तीसरे नोटिस के बाद बोर्ड की ओर से दुकानदारों को दुकान हटाने का आदेश दिया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### त्याग व बलिदान का त्योहार ईद उल अजहा भाईचारा के साथ मनाया गया

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सिल्ली मुरी सहित आसपास के मुस्लिम क्षेत्र में गुरुवार को ईद उल अजहा(बकरीद)का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया।ईद उल अजहा पर क्षेत्र के पहाड़ी मस्जिद, कुटाम मस्जिद, कोलवाडीह मस्जिद, सुलुमजुड़ी मस्जिद समेत और भी कई मस्जिदों में लोगों ने नमाज अदा कर खुदा से अमन,चैन की दुआ मांगी!इस दौरान मस्जिदों में बड़ी संख्या में भीड़ देखी गई हालांकि मौसम का मिजाज हल्का खराब रहा,लेकिन नमाज के समय बारिश थमी रही नमाज के बाद लोगो ने एक-दूसरे के गले मिल ईद उल अजहा की मुबारकबाद दी। महिलाएं भी अपने अपने घरों मे ईद उल अजहा की नमाज़ अदा की और अमन चैन की दुआ मांगी!एवं बड़े छोटों को बधाई दिया! बता दें कि इस्लाम के मुताबिक साल में दो बार ईद मनाई जाती है एक ईद उल अजहा और दूसरा ईद उल फितर।ईद उल फितर को मीठी ईद भी कहा जाता है इसे पाक महीने की रमजान शेष होने के बाद मनाया जाता है,वही बकरीद मीठी ईद के करीब 70 दिनों बाद मनाई जाती है बकरीद पर मस्जिदों में नमाज अदा करने के बाद मुस्लिम सुमदाय में कुर्बानी देते हैं इसलिए इस्लाम धर्म में प्रमुख त्योहारों में से एक बकरीद को ईद उल अजहा के नाम से भी जाना जाता है! त्यौहार के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए सिल्ली थाना एवं मुरी ओपी क्षेत्र में लगातार गस्त करती रही!



### झामुमो ने चलाया टुनगांव बरटोली में सदस्यता अभियान

**कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झामुमो खूंटी जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद के दिशा-निर्देशानुसार गुरूवार को टुनगांव बरटोली में झामुमो खूंटी जिला किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष हेमंत तोपनो के नेतृत्व में सदस्यता अभियान चलाया गया. झामुमो द्वारा चलायें जा रहे सदस्यता अभियान में किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष हेमंत तोपनो ने माननीय मुख्यमंत्री झारखंड सरकार हेमंत सोरेन कि उपलब्धियों से टुनगांव बरटोली कि जनता को अवगत कराया साथ ही बहुत सारे महिला पुरूष ने झामुमो के सदस्यता अभियान के तहत जुड़ाव करके पार्टी के दिशानिर्देश पर चलने की बात कही गयी. सदस्यता अभियान पर मुख्य रूप से किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष जय प्रकाश तिड़ू, वरिष्ठ नेता बिरेन्द्र सिंह, प्रखंड सह सचिव सनिका संगा, चामु तिड़ू, बिरसा तिड़ू, डिबरा लोहरा, रूबेन भेंगरा, समीर ढेला, चामु तोपनो, जठ तिड़ू, रामा ढेला, गुलिया भेंगरा के अलावे अन्य मौजूद थे।



### मड़ुआ व मोटे अनाज की खेती से सम्पन्न होंगे किसान : उत्तम महतो

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड के सारूकुदर पंचायत मुखिया सह मुखिया संघ प्रखण्ड अध्यक्ष उत्तम महतो ने फाराचांच महिला समूह को मोटा अनाज मड़ुआ की खेती को प्रोत्साहित करने के लिए बैठक किया । बैठक में पुर्वजो के द्वारा वर्षो से की जा रही मड़ुवा की खेती फिर से पूरे जोश से करने की समूह के सभी सदस्यों ने हामी भरी।बैठक में उपस्थित सदस्यों ने अपनी समस्याओं को रखा जिसमे बंटवारे के बाद जमीन कम होने की बात कही! मुखिया ने सभी सदस्यों को एक साथ मिलकर अपने अपने हिस्से की जमीन मे खेती लगाने के लिए प्रेरित किया। चुकि जनसंख्या बिना रोक टोक बढ़ रही है मगर जमीन बंटवारे में कम होती जा रही है ऐसे समय में मिल कर खेती करना है! किसान मित्र फूलचंद महतो ने कहा कि मड़ुआ के बीज के लिए किसानो का लिस्ट लगभग बन गई है। मुखिया ने कहा की समय से बीज लगाना है,ताकि उपज प्रभावित ना हो,साथ ही हम सबो को नई फसल तकनीक अपनानी चाहिए जिससे हमारी पैदावार बढ़े और किसानों को अधिक लाभ मिले। मोटे अनाज को कम बारिश में भी अच्छी फसल ली जा सकती है,और किसान सम्पन्न हो सकते है ।



### युवा कांग्रेस नेता ने दी बकरीद की मुबारकबाद

**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कांग्रेस के युवा नेता अमाल खान ने मस्जिदे अक्सा में नमाज पढ़ने के बाद समस्त देशवासियों एवं झारखंड वासियों को बकरीद की मुबारकबाद दी। बधाई देते हुए कहा कि कुर्बानी, त्याग,बलिदान, तपस्या व सहयोग का प्रतीक पाक पर्व ईद उल अजहा सभी को मुबारक हो। अमाल खान ने कहा कि बकरीद का त्यौहार हमें जीवन में त्याग, बलिदान और जरूरतमंदों की सहायता की प्रेरणा देता है। यह त्यौहार सबके जीवन में खुशियां और समृद्धि लेकर आए। सद्भाव, सौहार्द और एकता का पैगाम मजबूत हो।

# त्याग और बलिदान का पर्व ईद-उल-अजहा बड़कागांव में शांतिपूर्वक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड में ईद-उल-अजहा यानी बकरीद शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। प्रखंड के सभी मस्जिदों में सुबह के समय से ही नमाज अता करने नमाजी जुटने लगे। नमाजियों ने नमाज अता कर अमन चैन की दुआ की और एक दूसरे से गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी। नमाज के बाद लोगों ने अपने घरों में जाकर कुर्बानी की रस्म अदा की।



बड़कागांव प्रखंड के बादम जामा मस्जिद, बलिया जामा मस्जिद, बड़कागांव जामा मस्जिद, चट्टी मस्जिद, मोकद्दस मस्जिद बादाम, सिरमा मस्जिद, महुदी मस्जिद, महुगाई मस्जिद, चंदौल मस्जिद, डाडी मस्जिद, चेपा मस्जिद, सिंदूवारी मस्जिद, नगड़ी मस्जिद, सहित अन्य मस्जिदों में ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की गई।

इस्लामी कैलेंडर के अंतिम माह जिल्हिज्जा की 10 तारीख (रविवार) से तीन दिवसीय कुर्बानी का पर्व ईद-उल-अजहा मनाया जा रहा है। इसकी तैयारी बुधवार को पूरी कर ली गई थी।

असल में यह महीना हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम की यादगार है। जिसकी पूरी जिन्दगी कुर्बानी में ही गुजरी। खुदा ने हजरत इब्राहिम से अपने बेटे की कुर्बानी तलब की। खुदा का हुक्म पाते ही हजरत इब्राहिम अपने बेटे इस्माइल की कुर्बानी देने जंगल की ओर रवाना हुए। हजरत ने बेटे से कहा कि मैंने ख्वाब देखा है कि मुझे खुदा की राह में तुम्हारी कुर्बानी देनी है। बेटे ने कहा कि अगर खुदा की यही रजा है तो मैं तैयार हूं और आप मुझे सब्र करने वालों में सबसे आगे पाइयेगा। इस तरह खुदा ने हजरत इब्राहिम का इम्तहान लिया था और हजरत इस्माइल की जगह दुंबा की कुर्बानी से खुदा ने हजरत इब्राहिम की कुर्बानी कबूल फरमाई।

बकरीद कुर्बानी का पर्व है। यह त्योहार हमें प्रेम, सद्भावना, त्याग और बलिदान की प्रेरणा देती है।

बकरीद पर्व के अवसर पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद रही। प्रखंड क्षेत्र के सभी मस्जिदों के इर्द-गिर्द कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। इंस्पेक्टर अनिल सिंह और थाना प्रभारी विनोद तिर्की के नेतृत्व में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रखंड के सभी गांव में पुलिस के अधिकारी और जवान गस्ति करते रहे।

## पद्मश्री सिमोन उराँव के ईलाज के लिए बना आयुष्मान कार्ड

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड के जामटोली रोड़ स्थित पद्मश्री बाबा सिमोन उराँव के आवास में गुरूवार को अंचलाधिकारी सुमंत तिर्की के उपस्थिती में आयुष्मान कार्ड के लिए निबंधन किया गया। निबंधन प्रज्ञा केन्द्र संचालक शाहिद अंसारी के द्वारा किया गया। ज्ञात हो कि बाबा सिमोन लगभग एक साल से पैरालाइसिस के शिकार हैं। मौके पर अंचलाधिकारी सुमंत तिर्की ने कहा कि बाबा सिमोन लम्बे समय से बीमार हैं। उनके ईलाज के लिए आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। कार्ड से पांच लाख तक का चिकित्सा सुविधा मुफ्त मिलेगा। उन्होने आगे कहा कि इनके बेहतर चिकित्सा सुविधा के लिए हर संभव प्रयास किया जायगा। हमलोग बीडीओ के साथ बैठक कर सिविल सर्जन को भी आवेदन लिखेंगे। इस

## अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद ने अधिवेशन का किया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद महाराष्ट्र प्रदेश शाखा का वार्षिक अधिवेशन दर्यापुर के मेमन भवन, अमरावती में विगत 24 जून को आयोजित किया गया था। जिसमे भारत देश के विभिन्न राज्यों के आदिवासी विकास परिषद के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्तर पर परिषद् के कार्यो की समीक्षा की गई। वर्तमान समय में आदिवासियों की स्थिति सभी राज्यों में बिगड़ती जा रही है। जो बड़ी चिंता का विषय है, सभी राज्यों में आदिवासी कि जल, जंगल, जमीन को गैर कानूनी तरीके से गैर आदिवासी के द्वारा लूटा जा रहा है, उसे सरकार द्वारा कोई करवाई नहीं किया



जा रहा है, आदिवासी बेरोजगार युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है।ये भी बड़ी समस्या है , पूर्व शिक्षा मंत्री, झारखंड सह अध्यक्ष विकास परिषद ने कहा कि वर्तमान में केंद्र सरकार यूसीसी लागू करने का प्रयास किया जा रहा है, इसका अर्थ है कि आदिवासी समाज जो हिंदू है और उनका अलग अलग प्रकृति पूजा करते हैं उनका धर्म, संस्कृति, रितिरिवाज , परम्परा उसको सरकार ने कोई धर्म कॉलम में शामिल नही किया। ऐसी स्थिति में, यूसीसी, समान नागरिक संहिता में कैसे रख सकते,आदिवासियों को मिटाना चाहती है , इसका परिषद विरोध करता है।इसका सभी पदाधिकारी ने समर्थन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष सोमजी भाई डामोर, विशिष्ठ अतिथि शिवजी राव मोजे, संकरलाल वोडात, गीताश्री उरांव पूर्व मंत्री सह अध्यक्ष झारखंड प्रदेश,विधायक यसोमतिताई ठाकुर, बिरसा तिरकी,रामसहेब चौहान, अध्यक्ष महाराष्ट्र राज्य, डॉक्टर बिरसा उरांव प्रदेश उपाध्यक्ष झारखंड, नंदिनी तरपे, लकीभाऊ , उमटाऊ घासले आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## पतरातू में अकीदत के साथ अदा की ईद उल अजहा की नमाज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** पतरातू और आसपास क्षेत्र के जामा मस्जिदों में गुरुवार को सुबह मुस्लिम धर्मावलंबियों ने अकीदत के साथ ईद उल अजहा ( बकरीद ) की नमाज अदा की। इस मौके पर देश के लिए अमन चैन खुशहाली और तरक्की की दुआ मांगी गई ढ्ढ साथ ही एक दूसरे को गले लगकर ईद उल अजहा की बधाई दिए। वहीं बकरीद के अवसर पर कई मुस्लिम धर्मावलंबी ने बकरे की कुर्बानी दी। इस मौके पर पतरातू जामा मस्जिद जयनगर सांकुल सोलिया पलानी तालाटांड़ उचरिंगा मस्जिद कॉलोनी हफुआ और रोचाप आदि के ईदगाह और मस्जिदों में बकरीद की नमाज अदा की।



इधर, भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य महेन्द्र कुमार महतो ने बकरीद पर्व के अवसर पर रोचाप गांव में मुस्लिम धर्मावलंबियों से मुलाकात कर बकरीद पर्व की बधाई दी ढ्ढ उन्होंने बताया कि रोचाप में बकरीद मुहर्रम ईद सरहुल और रामनवमी आदि त्योहार मिलजुलकर बड़े उल्लास के साथ मनाया जाता है। यह परंपरा वर्षो से चलते आ रही हैं। मौके पर मोहम्मद आबिद खान खलील खान मंसूर अंसारी इस्लाम अंसारी ईमरान खान शौकत खान आदि उपस्थित थे द्य

## माण्डू विधायक ने किया परिसंपत्ति का वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** बुधवार को विष्णुगढ़ प्रखंड सभागार में परिसंपत्ति वितरण हेतु शिविर आयोजित की गई।बतौर मुख्यातिथि माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने जेएसएलपीएस,भू सर्वे सर्वेक्षण विभाग हजारीबाग के द्वारा ट्रैक्टर वितरण,सर्वजन पेंशन योजना, कृषि विभाग द्वारा केसीसी ऋण प्रदान किया गया। जनप्रतिनिधि प्रमुख जैबुन निशा,जिप सदस्य शेख तैयब,सांसद प्रतिनिधि मधुसूदन प्रसाद,कोडरमा साँसद प्रतिनिधि भुवनेश्वर पटेल,मंडल अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि किशोर कुमार मंडल,बीडीओ संजय कुमार कोंगारी,अंचलाधिकारी रामबालक कुमार,प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी जेएसएलपीएस के प्रखंड प्रबंधक,प्रखंड समन्वयक,कृषि विभाग से बीटीएम,प्रखंड अंचल बाल विकास जेएसएलपीएस के कर्मी , प्रखंड के कनीय अभियंता, सम्मानित पत्रकार बंधुओं, विष्णुगढ़ के प्रबुद्ध जन जेएसएलपीएस के दीदीया आदि उपस्थित थे।शिविर में सर्वजन पेंशन योजना के तहत 12 लाभुकों को पेंशन की स्वीकृति पत्र,जेएसएलपीएस के द्वारा 24 समूहों को 75,00,000 रुपए का चेक एवं तीन समूहों को गांवों में कृषि उपकरण,बैंक को बढ़ावा देने के लिए मिनी ट्रैक्टर का वितरण किया गया । जिसमें आजीविका उत्पादक समूह करगालो, काजल सखी मंडल फाराचाच,राम सखी मंडल गोविंदपुर कला एवं कृषि विभाग द्वारा सात किसानों को 5,57,400 का चेक एवं अन्य परिसंपत्ति माननीय विधायक, प्रखंड प्रमुख एवं सम्मानित गणमान्य अतिथि, जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी के द्वारा वितरण किया गया ।

### भाजपा की लाभार्थी जन सम्मेलन हुई संपन्न, सांसद जयंत सिन्हा रहे उपस्थित

## भाजपा के डीएनए में देशभक्ति है : मनोज यादव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही/चौपारण :** गुरुवार को चौपारण में भारतीय जनता पार्टी का देशव्यापी लाभार्थी जन सम्मेलन अभियान के तहत गुरुवार को चौपारण के नगर भवन में जिला अध्यक्ष अशोक यादव एवं चौपारण मंडल के अध्यक्ष मुकेश सिन्हा के संयुक्त अध्यक्षता में लाभार्थी जन सम्मेलन का कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जयंत सिन्हा मंच संचालन चंदवारा के सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साव ने किया।महापुरुषों की तस्वीरों पर माल्यार्पण के पश्चात मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित हजारीबाग लोकसभा सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जहां भाजपा ने देश के अंतिम पायदान के गरीब परिवारों के हितों की रक्षा हेतु ना सिर्फ योजनाएं बनाई बल्कि उसका लाभ उन तक पहुंचे उसकी भी चिंता की है।जिसका प्रणाम करोना काल में देश के अस्सी लाख परिवारों को 2 साल तकमुफ्त राशन से लेकर आम जरूरतों के लिए हजारों रुपए भी जन खाते के माध्यम से लाभुको तक पहुंचाया।हमारी सरकार के मजबूत नेतृत्व में जहां देश की सीमाएं सुरक्षित हुई है। वहीं देश के अंदर विकास कार्यो को नया मुकाम मिला है।पर वहीं दूसरी ओर भ्रष्टाचारी मानसिकता वाली राजनीतिक पार्टियों के साथ गठबंधन बनाकर यह देश के लूटने में लगे हैं जिसका ताजा उदाहरण झारखंड राज्य है,जहां के मुख्यमंत्री पर भ्रष्टाचार के लिए ईडी और सीबीआई की जांच चल रही है तथा राज्य के कई वरिष्ठ अधिकारी भी जेल में बंद है। पूर्व मंत्री सह पुर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि आज देश तरक्की की राह पर है। भाजपा के डीएनए में देशभक्ति है,देश की सरहदें सुरक्षित हैं। 50 लाख गरीबों का आयुष्मान योजना के तहत इलाज हुआ। चार करोड़ लोगों को पीएम आवास दिए गए।10 करोड़ 78 लाख किसानों के खातों में दो दो हजार की राशि ट्रांसफर की जा रही है। करोड़ों लोगों को पीने का पानी योजना से जोड़ा गया है। देश की विकास यात्रा की तमाम योजनाएं भारत की बदलती तस्वीर और तकदीर की गवाह है। मौके पर जीप उपाध्याय संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक यादव, जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, मंडल अध्यक्ष मुकेश सिन्हा, सुरेश कुमार साव, जिप सदस्या प्रीति गुप्ता, मोतीलाल चौधरी,भाजपा युवा नेता रितेश गुप्ता, धनवार पंचायत के मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, सुनील साहू, नागेश्वर रजक, विनोद प्रसाद, प्रकाश साव समेत हजारों कार्यकर्ता उपस्थित थे।




### मां भगवती को लगे 56 प्रकार के भोग

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** माँ छिन्नमस्तिका मंदिर में गुरुवार को पुरे हर्षोल्लास व पारम्परिक रूप से आषाढ़ी पूजा मनाया गया। इस दौरान विशेष पूजा अर्चना व श्रृंगार का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर माँ भगवती को 56 प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाकर माँ भगवती से आशीर्वाद मांगी गई। पूजा अर्चना के दौरान पारंपरिक ढोल नगाड़े व झांझर की मधुर ध्वनि मंदिर प्रक्षेत्र में गूंजती रही। हर वर्ष की तरह इस साल भी आयोजित आषाढ़ी पूजा पुरे पारंपरिक ढंग व वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सम्पन्न हुई। दिन के 12 बजे पूजा की शुरुआत की गई। मंदिर के पुजारी पारंपरिक गाजे बाजे के साथ मंदिर पहुंचे और पूजा अर्चना शुरू की। सबसे पहले गंगा जल के अलावे कई प्रकार के अन्य द्रव्यों से माँ भगवती का विशेष स्नान कराया गया। इसके बाद गुलाब, कमल समेत दो दर्जन फूलों से माता का श्रृंगार किया गया। पूजा अर्चना के दौरान 56 प्रकार के व्यंजनों से माँ भगवती को भोग लगाया गया। आरती के बाद प्रसाद का भी वितरण किया गया, जहां सैकड़ो भक्तों ने कतारबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया।

### पतरातू प्रखंड में हुआ शिविर का आयोजन

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रामगढ़ जिला अंतर्गत सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के कुपोषित बच्चों के पोषण स्थिति में सुधार के मद्देनजर जिला प्रशासन रामगढ़ की पहल के अंतर्गत संचालित स्वास्थ्य समृद्धि वाहन परियोजना के तहत गुरुवार को ब्लॉक मोड़ पतरातू के समीप स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में शिविर के नौवें दिन आसपास के क्षेत्रों के चिन्हित सभी 39 कुपोषित बच्चों को तीन समय का पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया गया वही ग्रामीणों को टेलीमेडिसिन सेवा भी उपलब्ध कराई गई। स्वास्थ्य समृद्धि वाहन परियोजना को और भी प्रभावी बनाने एवं ज्यादा से ज्यादा लोगों तक इसकी जानकारी पहुंचाने के मद्देनजर टीम के द्वारा आसपास के घरों का भ्रमण कर लोगों टेलीमेडिसिन सहित सरकार की अन्य योजनाओं की जानकारी दी गई।

### रात्रि जागरण का किया गया आयोजन

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र रामगढ़ नगर परिषद के अंतर्गत छत्तर मांडू में श्री श्री राधा कृष्णा मंदिर जीर्णोद्धार मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा एवं पांच दिवसीय महायज्ञ के अंतिम दिन रात्रि जागरण का आयोजन किया गया।जिसमें मुख्य रूप से नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज़ कुमार महतो,समाजसेवी लालजी महतो उपस्थित हुए।मौके पर जागरण का उदघाटन उनके द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया।मौके पर लोगो को सम्बोधित करते हुए मनोज़ कुमार महतो ने कहा कि धार्मिक आयोजनों से आपसी भाईचारे की भावना पनपती है। लोग आपसी वैमनस्यता को भूला कर धार्मिक अनुष्ठानों में लीन हो जाते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्ण हमारे क्षेत्र के हर नागरिक के अंदर विकट परिस्थितियों में लड़ने की शक्ति दें। साथ ही उन्होंने कहा कि हमेशा हमलोगों को कृष्ण की तरह हर लोग से प्रेम भाव से बात करना चाहिए हमारे अंदर द्वेष की भावना नही रहना चाहिए। इस मौके पर कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत गाकर लोगों का मन मोह लिया। वहीं कलाकारों द्वारा शिव-पार्वती व कृष्ण-सुदामा कहानी पर आधारित झांकी लोगों को खूब भाया।

### गड्ढों पर भरा पानी, बढ़ी परेशानी

**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बीते 3 दिनों से रुक-रुक कर हो रही वर्षा से बड़काचुंबा- पडरिया को जोड़ने वाली जर्जर सड़क में बने पुल के समीप बड़े गड्ढों में पानी जमने लगा हैं। इससे ग्रामीण क्षेत्र में आवागमन करने वाले स्कूली बच्चों, मजदूर, किसानों, दो, चार, तीन पहिया वाहन चालकों को खासा परेशानी होने लगी हैं। ग्रामीण बताते हैं कि गड्ढों की गहराई का अंदाजा नहीं होने पर लोग अनियंत्रित होकर गिरने पड़ने भी लगे हैं। वाहन फंस जाते हैं। यदि सड़क के दोनों ओर से छोटे-बड़े वाहन आ जाए, तो भी गड्ढों से वाहन को चलाकर निकालना मुसीबत से कम नहीं। आने वाले दिनों में जैसे-जैसे बरसात अपना रूप धारण करेंगी, बड़काचुंबा- पडरिया सड़क पर केवल गड्ढों में पानी भरा भयावय रास्ता दिखाई पड़ने वाला हैं। जिससे लोगों को गुजरने में डर की स्थिति व्याप्त होगी। लोगों ने जल्द से जल्द सड़क को ठीक करने की मांग की हैं।

# पिपरवार कोयलांचल में अकीदत के साथ मनायी गई ईद उल अजहा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाको में गुरुवार को ईद उल अजहा बकरीद का त्योहार आपसी सौहार्द और सादगी के साथ मनायी गई।बकरीद की नमाज अदा करने को लेकर कोयलांचल क्षेत्र के सभी मस्जिदों और ईदगाह में भारी भीड़ देखी गई।जानकारी के अनुसार क्षेत्र के सभी मस्जिदो और ईदगाह मे अपने निर्धारित समय पर नमाज अदा की गई।बचरा जामा मस्जिद मे सुबह सात बजे बकरीद की नमाज अदा की गई।बचरा जामा मस्जिद के ईमाम हाफिज मुमताज ने नमाज पढ़ायी,जिसके बाद क्षेत्र,राज्य एंव देश की खुशहाली और आपसी भाईचारगी के लिए दुआ मांगी गई।वही क्षेत्र के बहेरा, कल्याणपूर,न्युमंगरदाहा,राय और पुरानीराय मे भी अकीदत के साथ बकरीद की नमाज अदा की गई।नमाज के बाद लोगो ने एक दुसरे से गले मिलकर त्योहार की बधाई दी।वही बच्चों मे भी त्योहार का उत्साह देखा गया और बच्चो ने भी एक दुसरे के गले मिलकर उत्साह मनाया।इधर नमाज के बाद लोगो ने अपने अपने घरो में बकरे की कुर्बानी दी।इधर दुसरी ओर त्योहार को लेकर स्थानीय पिपरवार पुलिस के द्वारा सुरक्षा का पुख्ता इंतेजाम किया गया।सभी मस्जिदो व ईदगाह में पुलिस बल के जवानो को सुरक्षा मे तैनात किया गया था।पिपरवार थाना प्रभारी गोविन्द कुमार स्वंय दंडाधिकारी के साथ पुरे क्षेत्र का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ले रहे थे।पिपरवार क्षेत्र के सभी जगहो पर आपसी भाईचारगी व शांतिपूर्ण माहौल मे बकरीद का त्योहार मनाया गया।



### हस्त चलित पावर टिलर कृषि यंत्र का मुखिया ने किया उद्घाटन

## पावर टिलर काफी हल्की कृषि यंत्र से किसान कम समय में अधिक काम कर सकते हैं : राजेन्द्र प्रसाद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत धनवार पंचायत के लठिया गांव में खेती-बाड़ी से जुड़े पावर टिलर कृषि यंत्र का मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने विधिवत उद्घाटन किया।उन्होंने कहा कि आधुनिक समय में बैलों से खेती करने का चलन लगभग खत्म हो गया है। अब बाजार में किसानों को कई नये तरह के कृषि यंत्र उपलब्ध कराए जाते हैं।बता दें कि खेती-बाड़ी में जुताई को विशेष स्थान दिया गया है। क्योंकि फसल का अच्छा उत्पादन खेत की बेहतर जुताई पर निर्भर करता है।इसमें किसान कई कृषि यंत्रों की मदद ले सकते हैं। इसमें पावर टिलर भी शामिल है। यह खेत की जुताई में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। कई बार किसान आर्थिक तंगी के कारण मांगे कृषि यंत्र का उपयोग नहीं कर पाते हैं।ऐसे में लघु और सीमांत किसानों के लिए पावर टिलर कृषि यंत्र की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इस कृषि यंत्र से छोटे किसानों को लाभ मिलता है, यह कृषि यंत्र ना सिर्फ खेती की जुताई करता है। बल्कि फसल में खरपतवार की निराई का खर्च भी बचाता है।कृषि यंत्रों की मदद से जहां किसान कम समय में अधिक काम कर सकते हैं।वहीं इनके उपयोग से आमदनी में भी वृद्धि होती है। आज किसान ट्रैक्टर से खेत की जुताई करता है,जिससे उनकी लागत बढ़ रही है।लेकिन फिर भी कई किसानों की आय दोगुनी नहीं कर पा रहे हैं।



प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय* । *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## जनसेवकों का बेमियादी हड़ताल 52वें दिन भी जारी

**गोड्डा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जनसेवकों का बेमियादी हड़ताल गुरुवार को 52वें दिन भी जारी रहा । राज्य के सभी जनसेवक झारखंड राज्य जनसेवक संघ के आह्वान पर 9 मई से हड़ताल पर हैं एवम् लगातार जिला मुख्यालयों तथा राजधानी में धरना प्रदर्शन, न्याय यात्रा, रक्तदान आदि के माध्यम से कृषि विभाग से ग्रेड पे घटाए जाने संबंधी काले आदेश का विरोध कर रहे हैं। ग्रेड पे रिस्टोर करने संबंधी मांगों के अतिरिक्त इनकी 11 सूत्री मांगे भी है। विदित हो कि 2012 में जनसेवकों की बहाली कृषि एवम् गन्ना विकास विभाग द्वारा कृषि प्रक्षेत्र में विकसित उन्नत तकनीकी सूचनाओं आदि को किसानों तक पहुंचाना तथा किसानों की कठिनाइयों को दूर करने के उद्देश्य से किया गया था। 11 वर्षो में जनसेवकों ने कृषि विभाग द्वारा सौंपे गए कार्यों अलावे ग्रामीण विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, कल्याण विभाग, आपूर्ति विभाग, निर्वाचन आयोग आदि द्वारा अतिरिक्त प्रभार के रूप में प्रदत्त हर एक कार्यों को तन्मयता के साथ संभाला परंतु जब इनको एमएसीपी का लाभ देकर ग्रेड वेतन के उन्नयन की बारी आई तो सरकार ने इनका ग्रेड वेतन घटा दिया जिससे सूबे के सभी जनसेवक आक्रोशित हैं और लगातार आंदोलनरत हैं ।

## कोडरमा घाटी में दो वाहनों के बीच टक्कर, दो लोग घायल

**कोडरमा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोडरमा थाना क्षेत्र के झारखंड-बिहार सीमावर्ती इलाके कोडरमा घाटी के नौवां माइल में गुरुवार की दोपहर विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रक और टेलर के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में ट्रक का चालक घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार ट्रक बिहार से कोडरमा की तरफ आ रहा था, जबकि टेलर कोयला लोड करके कोडरमा से बिहार की तरफ जा रही थी। इस दौरान कोडरमा घाटी में दोनों वाहन के बीच टक्कर हो गई। जिसके बाद करीब आधा घंटे लगभग तक घाटी में जाम की स्थिति बनी रही। इस दुर्घटना में बिहार निवासी मनोज कुमार और उपेंद्र कुमार दोनों बिहार नवादा के रूप मे घायल हो गए। जिन्हें कोडरमा पुलिस की सहायता से इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लाया गया। जहां दोनों का इलाज चल रहा है पुलिस पहुंचकर क्रेन की मदद से गाड़ी को सेट कराया गया और परिचालन शुरू किया गया।

## मारपीट की घटना में तीन घायल

**सतगावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रंगेनियां में मारपीट कर घायल करने का मामला प्रकाश में आया है। घटना बुधवार देर रात की है। घायल महिलाओं में पुनिया देवी, पति-मुद्रिका राय, 40 साल, आरती कुमारी, पिता-लालो राय, उम्र 22 साल, संजू देवी,पति- विनोद राय, 35 साल शामिल हैं। इस संबंध में संजू देवी ने बताया कि हम लोग अपने घर के पास सोए हुए थे। इसी बीच जगेसर राय, पिता- काली राय आकर हम लोगों के साथ मारपीट करने लगे। मारपीट में घायलों को परिजनों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज कराया गया। हलांकि इस बाबत थाना प्रभारी ने बताया कि थाना में आवेदन नहीं दिया गया है।

## मायुमं ने जरूरतमंद बच्चो के बीच बांटे रेनकोट

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आनंद सबके लिए कार्यक्रम के तहत मारवाड़ी युवा मंच टाटानगर अचीवर्स शाखा द्वारा अपने स्थापना दिवस सप्ताह कार्यक्रम के तीसरे दिन गुरूवार को कदमा के भाटिया बस्ती स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय के जरूरतमंद 75 बच्चो के बीच बारिश के मौसम को देखते हुए रेनकोट का वितरण किया गया। शाखा अध्यक्ष रवि गुप्ता के नेतृत्व में यह कार्यक्रम पंकज अग्रवाल के सौजन्य से पूर्ण हुआ। इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे शाखा सचिव अंशुल रिंगासिया, संस्थापक अध्यक्ष सुगम सरायवाला, आनंद कुमार अग्रवाल, आदित्य जाजोडिया, पंकज अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल, आकाश अग्रवाल, विजय सोनी, आदि का योगदान रहा।



## भीम आर्मी के संस्थापक पर हमला दुःखद : रजक

**कोडरमा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रेस विज्ञप्ति जारी कर भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक ने बताया कहा कि भीम आर्मी के संस्थापक चंद्रशेखर आजाद रावण पर उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में जानलेवा हमला हुआ है जो बहुत ही दुखद घटना है चंद्रशेखर आजाद रावण को भाकपा जिला परिषद कोडरमा बहुत जल्द स्वस्थ होने की कामना की. उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में गिरती कानून व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है इस घटना को अंजाम देने वाले व्यक्तियों को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी से मांग की जाती है कि उत्तर प्रदेश के संबंधित न्यायालय में फास्ट ट्रैक कोर्ट मैं मुकदमा चलाकर अभिलंब फांसी दिलाने का काम करें । श्री रजक मांग किया है कि भीम आर्मी के संस्थापक चंद्रशेखर रावण के घटना को देखते हुए जेड प्लस सुरक्षा मुहैया कराया जाए।

## शिलान्यास, उद्घाटन व नवनिर्मित दुकान शेड का वितरण कार्यक्रम आयोजित



**कोडरमा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर पंचायत कोडरमा द्वारा आयोजित शिलान्यास,उद्घाटन एवं नवनिर्मित दुकान शेड के चाबी वितरण कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कोडरमा सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि कोडरमा जिला लगातार विकास की ओर अग्रसर है इस कड़ी में आज जो दुकानदार फुटपाथ पर अस्थायी रूप से दुकानें लगाते थे उनको स्थायी दुकान शेड दी जा रही है ताकि वे बेखौफ और स्वतंत्र रूप से अपनी आजीविका को आगे बढ़ा सकें।इससे गरीब परिवार को आर्थिक मजबूती मिलेगी।उन्होंने कहा कि सरकारी फंड के सदुपयोग से विकास के कार्य सराहनीय है। जिले में प्रोजेक्ट रेल जैसे कार्यक्रम से शिक्षा को एक नई ऊंचाई मिली है जो न सिर्फ राज्य बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी एक उदाहरण है।कोडरमा आज शिक्षा के लिए मॉडल बन रहा है।राज्य तथा केंद्र सरकार की हर योजनाओं का लाभ आमजनों तक पहुंचे इसके लिए समन्वित प्रयास की जरूरत है।अपने अच्छे कार्य से अधिकारी विकास के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं।ऐसे अधिकारियों को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है।साथ ही उन्होंने कहा कि मानक के अनुरूप कार्य नहीं करने वाले पदाधिकारियों के विरुद्ध उचित कारवाई की भी आवश्यकता है।वहीं कोडरमा विधायक डॉक्टर नीरा यादव ने कहा कि कोडरमा में टाउन हॉल की मांग बहुत दिनो से हो रही थी जिसे जिला प्रशासन निर्माण करके जल्द ही यहां की जनता को सौंपेगी।

# प्रदेश में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई ईद-उल-अजहा

## बेरमो में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई बकरीद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**फुसरो :** बेरमो कोयलांचल में गुरुवार को हर्षोल्लास के साथ ईद-उल-अजहा (बकरीद) मनाई गई. मुसलमान समुदाय के इस महापर्व में क्षेत्र के हिदू भाइयों ने भी शरीक होकर भाईचारे के माहौल को बढ़ावा दिया. फुसरो नगर के सभी मस्जिदों व ईदगाहों में ईद-उल- अजहा की दो रिकअत नमाज सामुहिक रूप से इमामो ने पढ़ाया. करगली फुटबाल ग्राउंड स्थित ईदगाह में इमाम हाफिज एहशानुल हौदा ने नमाज पढ़ाया. मुसलमानों ने बकरीद की नमाज अदा कर अपने परिवार और देश व क्षेत्र की सलामती की दुआ मांगी. इसके बाद एक-दूसरे से गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद देने में लोग मशरूफ हो गए. हर तरफ बकरीद मुबारक की सदाओं की गूंज से पूरा शहर गुंजमय हो गया.



**बच्चों में नजर आया उत्साह :** फुसरो के पुराना बीडीओ ऑफिस, रहीमगंज, भेड़मुक्का, पटेलनगर, रजानगर, स्टाफ क्वाटर, घुटियाटांड, करगली, सुभाषनगर, अमलो, चलकरी बस्ती, पिछरी आदि इलाकों की मस्जिदों व ईदगाहों में सुबह होते ही ईद-उल- अजहा की नमाज पढ़ने को लोगों की भीड़ जुटने लगी. सर्वाधिक उत्साह बच्चों में दिखा, जो सुबह होते ही नहा-धोकर और नए-नए वस्त्र धारण कर तैयार हो गए थे. साथ ही अपने अभिभावक सहित घर के अन्य बड़ों के साथ मस्जिद व ईदगाह के लिए निकल पड़े.

**प्रशासन रही अलर्ट :** नमाज के दौरान शांति व्यवस्था कायम रखने को बेरमो थाना प्रभारी आरके सिंह के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन की कड़ी निगरानी थी. सभी मस्जिदों व ईदगाहों के निकट प्रशासन की ओर से प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों के साथ ही स्थानीय पुलिस के जवान और अधिकारी मुस्तैद रहे. जगह-जगह पेट्रोलिग की टीम मोर्चा संभाले हुए तत्पर दिखी. पुलिस प्रशासन ने विधि व्यवस्था को लेकर पुख्ता इंतजाम किया था. वहीं पुराना बीडीओ आफिस में मिनी कंट्रोल रूप से प्रशासन लोगों पर नजर बनाय रखा. यहाँ फुसरो नप के पूर्व अध्यक्ष राकेश सिंह, पूर्व उपाध्यक्ष छेदी नोनिया, युवा व्यवसायी संघ फुसरो अध्यक्ष आर उनेश, धर्मेंद्र सिंह, भोला सिंह, कृष्ण कुमार चांडक, अंजुर हुसैन, वैभव चौरसिया, अमित सिंह, बेनीलाल महतो, महेंद्र कुमार विश्वकर्मा, उत्तम सिंह, परवेज अख्तर, आबिद हुसैन, पूर्व पार्षद नीरज पाठक, आदि थे।

## जमशेदपुर में बकरीद के मौके पर नमाज अदा कर नमाजियों ने मांगी मुल्क के सलामती की दुआ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** देशभर में आज ईद उल अजहा यानी बकरीद मनायी जा रही है। जमशेदपुर समेत आस पास में गुरुवार को बकरीद की धूम रही. मुस्लिम समुदाय के लोग सुबह ईदगाह एवं मस्जिदों में पहुंच बकरीद की नमाज अदा की। इस अवसर पर सुबह से ही मुस्लिम बहुल क्षेत्र मानगो, जकीरनगर, कोपाली, धातकीडीह, साकची, बिस्तूपुर, शास्त्रीनगर, सोनारी, जुगसलाई, किताडीह मकदमपुर समेत आस पास के मस्जिदों और



ईदगाह में मुस्लिम समुदाय के बच्चों से लेकर बुजुर्ग लोगो ने ईद उल अजहा की नमाज अदा की और एक दुसरे से गला मिलकर मुबारक दी। वही नमाज अदा कर मांगी मुल्क के सलामती की दुआ। सुबह से ही सारे इलाकों में हर्षोल्लास देखा गया।

## कुमीर के मुखिया को माओवादियों के नाम धमकी भरा पत्र, कमलपुर थाना में शिकायत

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड अंतर्गत कुमीर पंचायत के मुखिया दीपक कुमार मुदि को बुधवार की सुबह माओवादियों के नाम से धमकी भरा पत्र मिला है। 3 पेज पर बांग्ला में लिखा हुआ पत्र में अश्लील गाली गलौज के साथ ही मुखिया को जान से मारने की धमकी दी गई है और निवेदक में माओवादी लिखा हुआ है। इस संबंध में गुरुवार को मुखिया संघ के पदाधिकारियों एवं पटमदा-02 के जिला पार्षद खगेन चंद्र महतो के साथ कमलपुर थाना पहुंचे मुखिया दीपक कुमार मुदि ने लिखित शिकायत की। थाना प्रभारी धीरंजन कुमार ने घटना के संबंध में पूछताछ करने के बाद सनहा दर्ज करते हुए छानबीन शुरू कर दी है। थाना प्रभारी के मुताबिक यह किसी असामाजिक तत्वों का काम है जो मुखिया को डराने के मकसद से ही लिखा है। इस संबंध में मुखिया ने बताया कि बुधवार की सुबह करीब 7 बजे जब वे कांकीडीह स्थित दुकान सह मकान से बाहर निकले तो वह पत्र दरवाजे के पास मिला। मुखिया संघ के अध्यक्ष कृष्णपद सिंह ने थाना प्रभारी से आग्रह किया है कि मामले की गहराई से जांच हो ।

## मणिपुर ना जाउंगा..ना जाने दूंगा : बब्लू झा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मणिपुर करीब दो महीने से हिंसा में जल रहा है। केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकारें हिंसा पर काबू पाने में नाकाम रही हैं। न सरकार नाम की कोई चीज़ बची, न ही क़ानून का शासन।शांति की अपील करने की बजाय प्रधानमंत्री मोदी चुप्पी साधे हुए हैं। मोदी जी न तो मणिपुर जा रहे हैं ना जाने दे रहे हैं! उक्त टिपणी जिला कांग्रेस के महासचिव बब्लू झा ने की। डॉ अजय कुमार ने मणिपुर से कहा की हजारों लोग राहत कैम्प में ज़िंदगी के जोखिमों से जूझने को मजबूर हैं। लाचारी और बेबसी इस कदर है कि शांति के सूरज की कोई किरण नज़र नहीं आती। मोदी जी मौन हैं, गृह मंत्री ने अपनी विफलताओं से पल्ला झाड़ लिया है। लगता है भाजपा सरकार के लिए जैसे मणिपुर देश के नक़्शे में ही नहीं।ऐसे में जब ÷राहत के सिपाही÷ बन राहुल गाँधी उनका दुख-दर्द एवम घावों पर मरहम लगाने मणिपुर पहुँचे तो उन्हें शरणार्थियों के कैम्प तक जाने से उन्हें पुलिस द्वारा रोका जा रहा है। क्या



राहुल गाँधी को मणिपुर के पीड़ितों से मिलने के लिए इसलिए रोका जा रहा है क्योंकि प्रधान सेवक मोदी को मणिपुर जाने का समय नहीं और राहुल जी के प्रेम के संदेश को भाजपाई पचा नहीं पाएँगे?

## हजारीबाग जेल में महिला बंदियों के बीच शानदार रहा कवि सम्मेलन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** हजारीबाग जेल में महिला बंदियों के बीच कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जेल अधीक्षक चन्द्रशेखर थे। कवि सम्मेलन का सफल संचालन जमशेदपुर की कवयित्री अंकिता सिन्हा ने की। कवि सम्मेलन बहुत ही शानदार रहा। इस अवसर पर जमशेदपुर और रांची की प्रख्यात कवित्रियों ने एक से बढ़कर एक अपनी रचनाओं की प्रस्तुति देकर महिला बंदियों के मन को मोह लिया। कवयित्री अंकिता सिन्हा ने जला है प्यार का घर इसमें बाक़ी सिसकियां भी हैं। मेरे एहसास की कलियां हैं थोड़ी तितलियां भी हैं। मेरे दिल को दिया है ज़ख़्म यूं तुमने बहुत गहरा, दहकती हिचकियां कुछ हैं तड़पती सिसकियां भी हैं की प्रस्तुति देकर खूब तालियां बटोरी। सुप्रसिद्ध



कवयित्री डॉक्टर सुरिंदर नीलम कौर की रचना ने नज़रों से है गिराती सम्मान दिलाती, ये बोली हमारी सही पहचान कराती। मेरे बाबा की चिट्ठी आई है, शब्द भींगे भींगे भाषा कुम्हलाई है। सबको बहुत ही भावुक कर दिया। इसी तरह निवेदिता श्रीवास्तव गार्गी की रचना, देखकर दिल लगाना जरूरी नहीं , चाहतों को तो पाना जरूरी नहीं।

## जादूगोड़ा जामा मस्जिद में ईद-उल अजहा की नमाज अदा की गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जादूगोड़ा :** जादूगोड़ा जामा मस्जिद में आज सुबह ईद उल अजहा की नमाज अदा की गई। इस अवसर पर आस पास के मुस्लिम समुदाय लोगों ने एक दूसरे से गला मिलकर ईद उल अजहा की मुबारकबाद दी। इस मौके पर मस्जिद के इमाम मौलाना युसुफ रजा ने कहा कि भाई चारा व मुहब्बत बाटने का पर्व है बकरीद। जिसे दूसरी ईद के रूप में जाना



जाता है। इस मौके पर कमिटी के सदर गुलाम रसूल, मुमताज अहमद, आजाद खान, हैदर, मोहम्मद इलियास, मोहम्मद हलून समेत भारी संख्या में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने नमाज अदा की।

## भाजपा का मिशन 2024 के तहत रणनीति बनाते हुए कार्यकर्ताओं में भरा उत्साह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मरकच्चो :** केंद्र में सत्तारूढ़ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने पर विभिन्न आयोजन कर भाजपा जन जन तक पहुंचने की योजना बना रहीं है। इसके साथ ही केंद्र सरकार द्वारा देश हित में किए गए कार्यों से लोगों को अवगत करा रही है। इसी के तहत गुरुवार को कार्यक्रम के सन्योयक बेदु साव की देख रेख में मरकच्चो प्रखंड के देवीपुर पंचायत स्थित ग्राम डोंगोडीह के साहू धर्म शाला में आयोजित किया गया। आयोजित सम्मेलन में



मंच पर उपस्थित वक्ताओं ने आगामी 2024 के चुनाव को लेकर रणनीति बनाते हुए कार्यकर्ताओं में उत्साह भरा। साथ ही झारखण्ड की प्रदेश सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प दिलाया। सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के कोडरमा सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी एवं कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष विजय यादव ने किया। कोडरमा सांसद अन्नपूर्ण देवी ने कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ हैं। भाजपा के 9 साल सेवा सुशासन और गरीब कल्याण योजनाओं की जानकारी देते हुए आगे कहा कि महामारी की विषम परिस्थिति में भी केंद्र सरकार ने महामारी नियंत्रण के साथ जनहित योजनाओं के क्रियान्वयन में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। इसी का परिणाम है कि गांव स्तर पर केंद्र सरकार की योजनाओं को लाभ बढ़ चढ़कर लोगों को मिला। देश के सशक्त नेतृत्व का परिणाम है कि जो कार्य 70 वर्षों में नहीं हो सका।

## सोनारी शांति समिति ने नमाजियों को दी बकरीद की मुबारकबाद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** त्याग, बलिदान,समर्पण, आपसी भाइचारे व इंसानियत का पैग़ाम देने वाले पावन पर्व ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर सोनारी के दोनो मस्जिदो सोनारी खुटाडीह राम मंदिर के समीप और परदेशीपाड़ा विरमंच अखाड़ा के समीप पर सोनारी थाना और सोनारी शांति समिति के सदस्यों ने शांति का माहौल बने रहे कोई भी परेशानी या तकलीफ आमजनों को ना पहुंचे इस लिए नमाज के वक्त सोनारी (शांति समिती के सचिव) सुधीर कुमार पप्पू,संजय यादव, त्रिभुवन यादव, सरबजीत सिंह बॉबी, कबी बेरा, संजय पांडे, प्रदीप लाल,दीपक यादव,,राहुल भट्टाचार्जी,पम्मी सिंह, प्रेम सिंह, विजय वरदा,गौतम दादा,किशोर साहू,अनिल



कुमार सिंह,सरिता देवी,श्याम सुंदर शर्मा,नारायण प्रसाद,संतोष जैन और समिती के और सदस्य लोग मौजूद रहे। सोनारी थाना प्रभारी और शांति समिती के सचिव ने सभी को बकरीद की शुभकामना दिया। नमाजियो ने सोनारी थाना प्रभारी, शांति समिती के सचिव सुधीर कुमार पप्पू और सभी सदस्यो का आभार प्रकट किया।

## प्रखंड के विभिन्न मस्जिदों व ईदगाह में अदा की गई ईद-उल-अजहा की नमाज, मांगी अमन चैन की दुआ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सतगावां :** प्रखण्ड के विभिन्न जगहों पर ईद उल अजहा( बकरीद ) का त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया। वहीं प्रखण्ड के विभिन्न मस्जिदों व ईदगाह में सुबह 8:00 बजे ईद उल अजहा की नमाज़ अदा की गयी। इस दौरान नमाजियों में बहुत ही उत्साह देखने को मिला। ईद उल अजहा (बकरीद) त्योहार को लेकर प्रखण्ड के विभिन्न जगहों पर विधि व्यवस्था को लेकर प्रशासन मुस्तैद दिखे। वहीं ईद उल अजहा की नमाज़ के बाद ईदगाह के पेश इमाम ने मुल्क में अमन चैन और मुल्क की हिफाज़त की दुआ मांगी। ईद उल अजहा की नमाज़ के बाद लोगों ने एक दूसरे के गले मिलकर बकरीद की बधाई दी। वहीं शासन प्रशासन की गाइड लाइन के अनुसार ईद उल अजहा की नमाज़ संपन्न हुई। मौके पर



प्रखंड विकास पदाधिकारी बैद्यनाथ उरांव, पुलिस निरीक्षक निरंजन उरांव, थाना प्रभारी आनंद कुमार साह, एसआई, अशोक कुमार, स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि - बिनोद यादव ,शंकर यादव ,मो0अजहर रब्बानी के आलावे पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

## ऐतिहासिक स्वयं भू महादेव श्रद्धा व आस्था के साथ पौराणिक मान्यताओं का धाम धामेश्वर धाम लीला थान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोड्डा :** झारखंड राज्य के गोड्डा जिला मुख्यालय से लगभग ,10 किलो मीटर की दूरी पर पीरपैंती गोड्डा के मुख्य मार्ग पर गोड्डा से 8किलो मीटर की दूरी पर धमसाय मोड़ से 2किलो मीटर की दूरी पर एक मंदिर है जो ऐतिहासिक है ऐसा मंदिर के पुजारी अंबुज कुमार मिश्र जी ने बताया। भूमफोड महादेव की शिव लिंग है जो कब और किसने इसे देखा और शिवलिंग की पूजा आराधना प्रारंभ हुई इस विषय में न तो पुजारी को कुछ पता है न पंडा को । लेकिन मंदिर पहले भी थी और आज भी है स्वरूप अवश्य बदला है लंबा चौड़ा प्रांगण भी है यात्री शेड भी हैं गोड्डा विधायक अमित मंडल और गोड्डा के पूर्व सांसद सूरज मंडल द्वारा दो अलग अलग शेड बनाए गए हैं तालाब भी है जो रख रखाव नही होने के कारण जल का आभाव है और जो जल है वो किसी लायक नही । घेरा डालकर सुरक्षा की गई है ।



प्रांगण में और भी कई देवी देवताओं के मंदिर हैं ।50 किलोमीटर से भी अधिक दूरी से प्रत्येक सोमवार को सैकड़ों भक्त अपनी मनोकामना पूरी होने पर और मंगल कामना के लिए यहां मनौती मानते हैं और पुजारी उनके लिए फुलाईएस करते हैं और मुराद पूरी होने पर वो बाबा की पूजा अर्चना करते हैं । उस क्षेत्र का एक छोटा सा मेला लगता है जहां खाने पीने से लेकर प्रसाद, बच्चों के लिए, घर गृहस्थी की आवश्यक सामान भी मिलते हैं ।

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय सहरबेड़ा में मनाया गया प्रवेश उत्सव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय सहरबेड़ा में बुधवार को प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस दौरान नए छात्रों को पाठ्य सामग्री का वितरण किया। बच्चों के स्मृति को संजोए रखने के लिए उनके अभिभावकों के साथ हाथ का छाप लिया गया। अभिभावकों को भी विद्यालय में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शिक्षकों ने अभिभावकों को शिक्षा संबंधित सरकारी योजनाओं की जानकारी दी।इस दौरान प्रधानाध्यापक सुषमा बनर्जी ने कहा कि इस बार स्कूल में छात्रों की संख्या बढ़ी है। इसके लिए अभिभावक प्रशंसा के हकदार है। स्कूल में पढ़ाई का स्तर बढ़ाने के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं ।

## सीएमडी के चेयरमैन बनने पर विधायक व एजेकेएसएस केंद्रीय अध्यक्ष ने मुलाकात कर दी बधाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कथारा :** गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो एवं अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ के केंद्रीय अध्यक्ष रोशन लाल चौधरी ने रांची स्थित सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस में सीएमडी पीएम प्रसाद से मिलकर उनके कोल इंडिया चेयरमैन के पद के लिए चयनित होने पर पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामना एवं बधाई दी। विधायक डॉ लंबोदर महतो ने सीसीएल कथारा क्षेत्र के मजदूरों एवं ग्रामीण विस्थापितों सहित अन्य ज्वलंत समस्याओं के समाधान को लेकर सीएमडी के साथ बैठक कि। विधायक श्री महतो ने कहा कि सीसीएल के सीएमडी का कोल इंडिया चेयरमैन के पद पर चुना जाना पूरे सीसीएल परिवार के लिए गौरव का स्वर्णिम पल है। आगे अब इनके कुशल नेतृत्व में कोल इंडिया ओर निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर होगा। विधायक ने सीसीएल अनुदानित



डीएवी स्कूलों में फीस बढ़ोतरी को रोकने को लेकर विधायक और सीएमडी के साथ हुई सकारात्मक वार्ता में सीएमडी द्वारा 2 वर्षो तक फीस नहीं बढ़ाने के आश्वासन को अमलीजामा पहनाते हुए इसका आदेश पत्र जारी करने का अनुरोध किया। विधायक ने कहा कि तकनीकी समस्या को दूर करते हुए प्रबंधन बंद पड़े सीपीपी प्लांट को हैंड ओवर लेकर उसे पुनः चालू करें ।

# प्रखण्ड से अवैध बालू उठाव के विरुद्ध ग्रामीणों ने खोला मोर्चा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लावालौंग :** प्रखंड क्षेत्र के हेडुम पंचायत रामनगर चौक( कल्यानपुर) स्थित फूटबॉल मैदान में अवैध रूप से चल रहे बालू खनन के विरोध में ग्रामीणों ने गुरुवार को बैठक किया। बैठक कि अध्यक्षता मुखिया संतोष राम तथा बीस सूत्री प्रखण्ड अध्यक्ष छद्दू सिंह भोक्ता ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान ग्रामीणों ने अवैध रूप से बालू खनन पर रोक लगाने विचार विमर्ष किया। ग्रामीणों ने आपसी बैठक में कहा कि अमानत नदी में कई स्थानों पर बालू का अवैध खनन कर माफिया मालामाल हो रहे है, जिससे प्रति दिन हजारों रुपया राजस्व की क्षति हो रही है। क्षेत्र में हो



रहे अवैध बालू खनन की सूचना अंचल प्रशासन के अलावा पुलिस को भी है लेकिन आए दिन लावालौंग बगरा मुख्य मार्ग से दर्जनों बालू लदी गाड़ियां गुजरती हैं, लेकिन अधिकारी व कर्मचारी इस पर कोई कदम नहीं उठाते। इससे बालू माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से अवैध बालू खनन पर रोक लगाने की मांग की है। वहीं इस संबंध में पूछे जाने पर अंचल अधिकारी अमित कुमार ने अंचल अधिकारी अमित कुमार ने बताया कि विगत कई दिनों अवैध बालू उठाव की जानकारी मिल रही है। इस पर जांचोपरांत कार्रवाई की जाएगी।ट्रैक्टर मालिकों को दिया हिदायत- बैठक के दौरान ग्रामीणों ने अवैध रूप से बालू उठाव करने वाले ट्रैक्टर मालिकों को भी दूरभाष पर सख्त हिदायत दी। साथी उन्हें हिदायत देते हुए कहा गया यदि अवैध रूप से बालू उठाव नहीं रुका तो उनके ऊपर एफआईआर भी दर्ज कराया जाएगा। वन विभाग जानबूझकर बना हुआ है अंजान* ग्रामीणों ने अवैध बालू उठाव में वन विभाग को भी दोषी ठहराया है। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग अवैध बालू उठाव के बारे में सब कुछ जानती है। लेकिन बालू तस्करों से मिलीभगत होने के कारण सब कुछ जान कर भी अंजान बनी हुई है। ग्रामीणों के अनुसार वन विभाग यहां पर हर गलत काम में संलिप्त रहती है। इससे पूर्व अवैध तरीके से तेंदूपत्ता के तोड़ाई में भी वन विभाग कुंभकर्णी नींद में सोया रहा है और अब अवैध बालू उठाव की और भी विभाग का कोई ध्यान नहीं है।

# जिले भर में शांतिपूर्ण मना ईद-उल-अजहा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** ईद - उल - अजहा (बकरीद) का पर्व जिले में शहर समेत ग्रामीण इलाकों में धूमधाम से मनाया गया।शहर और ग्रामीण इलाकों के मस्जिद और ईदगाहों में ईद - उल - अजहा की नमाज अदा की गई, नमाज के दौरान क्षेत्र में अमन - चैन और भाईचारे की दुआ मांगी गई। मस्जिद और ईदगाहों में हाफिज, मौलाना, काजी, मुफ्ती साहब ने ईद - उल - अजहा की नमाज अदा कराया।नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर मुबारकबाद दी।इस्लाम धर्म के प्रमुख त्योहारों में एक ईद उल अजहा की नमाज पर्व को लेकर मुस्लिम बहुल गांवों में शुबह से ही काफी चहल पहल देखी गई।चंदवा के बेलवाही गांव के मस्जिद में हाफिज शेर मोहम्मद ने ईद - उल - अजहा की नमाज अदा कराया।कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने ईद - उल - अजहा पर्व पर देशवासियों को मुबारकबाद दिया है।

# भगवान लौटे अपने धाम, भक्तो को देंगे दर्शन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा :** लोहरदगा प्रखंड क्षेत्र में शान्ति व सौहार्द के साथ घूरती रथ यात्रा हुआ सम्पन्न। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र में हर्षोउल्लास के साथ सेन्हा प्रखंड ग्राम एवं कोराम्बे में घुरती रथयात्रा का कार्यक्रम सपंन्न हुआ। घूरती रथ यात्रा के अवसर पर सुबह से मन्दिर में भक्तों का भीड़ लगा रहा। भक्तजनो द्वारा श्रद्धा भक्ति के साथ पूजा अर्चना कर घर परिवार और क्षेत्र के लिये मङ्गलकामना किया गया। वही भगवान नौ दिनों तक मौसीबाड़ी में रहने और आतिथ्य स्वीकार करने के बाद भगवान जगन्नाथ,बडे भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ रथ पर सवार होकर हजारों भक्तों पर आर्शीवाद बरसाते हुए घूरती रथ यात्रा के दिन अपने मुख्य मंदिर वापस लौटे पुराणों के अनुसार कहा जाता है। कि आषाढ़ शुक्ल पक्ष द्वितीय को भगवान जगन्नाथ,भाई बलभद्र और बहन



सुभद्रा के साथ रथ पर सवार हो कर नौ दिन के लिये मौसीबाड़ी जाते हैं। जो पुनः देवशयनी एकादशी के दिन घूरती रथ यात्रा पर अपने धाम मुख्य मंदिर आते हैं। भगवान का घूरती रथ यात्रा कार्यक्रम को शाम चार बजे घुरती रथ यात्रा आरम्भ किया गया रथ पर सवार भगवान को भक्तों द्वारा मुख्य मंदिर तक रस्सी के सहारे रथ को खींच कर पहुंचाया गया। साथ ही पुष्प वर्षा कर सर्व मंगल की कामना किया गया। भगवान जगरनाथ,बड़े भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा अपने धाम लौटे अब भक्तो को देंगे दर्शन भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा के साथ 9 दिन के लिये रथ यात्रा के दिन मौसीबाड़ी जाते हैं। जो पुनःआषाढ़ देवशयनी एकादशी को भगवान भाई बहन के साथ अपने धाम वापस आते हैं। इसी उपलक्ष्य में घूरती रथ यात्र आयोजित किया जाता है। घूरती रथ यात्रा के दौरान सुरक्षा का चाक चौबंद व्यवस्था पुलिस प्रशासन की ओर किया गया था। मौके पर अंचलाधिकारी विजय कुमार व थाना प्रभारी अभिनव कुमार घूरती रथयात्रा का जायजा लेते हुए भगवान के चरणों में माथा टेका वही सुरक्षा व्यवस्था के लिये प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारी के साथ ए एस आई अलबिना लकड़ा,राजेश राम लोहरा दल बल के साथ मौजूद थे।

# पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने बोलबा प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों का किया दौरा

## जमीन से जुड़कर लोगों की समस्याओं को दूर करना पहली प्राथमिकता

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** बोलबा प्रखंड के पोटोबाड़ा बनचौका आदि क्षेत्रों का गुरुवार की सुबह झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का ,झापा युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का जिला परिषद सदस्य अनीता सोरेंग,एवं बोलबा प्रखंड अध्यक्ष शशि तोपनो के द्वारा भ्रमण किया गया। इस मौके पर ग्रामीणों के साथ बैठक करते हुए उनकी समस्याओं को सुना। मौके पर ग्रामीणों ने बताया कि आज भी इस क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं की घोर कमी है लेकिन कोई भी देखने वाला नहीं है। गांव में बिजली पीने की पानी, सड़क ,प्रधानमंत्री आवास ,वृद्धा पेंशन नाली सहित कई प्रकार की समस्या है जिसे बार-बार प्रशासन के समझ रखने के बाद भी अब तक दूर नहीं हुई पिछले दिनों सरकार आपके द्वार में भी इस बातों को रखी गई थी लेकिन सुनवाई नहीं हुई। मनरेगा के तहत कार्य होता है लेकिन बिचौलिए हावी है। जिसे दूर करने की आवश्यकता है पूर्व मंत्री ने कहा वर्तमान सरकार आम लोगों के हितों का ख्याल नहीं रख रही है और क्षेत्र



के जनप्रतिनिधि के उदासीन रवैया के कारण इस प्रकार की समस्या है लेकिन झारखंड पार्टी जमीन से जुड़कर आपकी समस्याओं को दूर करेगी इसलिए एक बार आप झारखंड पार्टी का सहयोग करें। उन्होंने सर्पदंश मामले में लोगों को अंधविश्वास में ना आकर अस्पताल ले जाने की बात कही तथा जमीन में ना सोते हुए उचित व्यवस्था करने की बात कही। सन्देश एक्का ने कहा कि लगातार क्षेत्र भ्रमण के दौरान बिजली पानी सड़क जैसी समस्याओं की कमी की जानकारी मिल रही है जिसे बारी-बारी से दूर करने का प्रयास किया जा रहा है ।

# एन एन घोष टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में स्वागत समारोह का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** रांची की धरती पर स्थित एनएन घोष सनातन टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज कांके रांची अपने क्रियाकलापों के कारण न केवल रांची बल्कि पूरे झारखंड में अपनी एक अलग पहचान और प्रतिष्ठा रखता है, जो अन्य संस्थानों से हमेशा कुछ ना कुछ अलग और अनोखा करने का प्रयास करता है, ये दर्शनीय हैं और इनका अनुकरण भी किया जा सकता है, क्योंकि यहां बच्चों को खुले वातावरण में ट्रेनिंग दी जाती है। उन्हें तराशने और उन्हें एक अच्छा नागरिक और इंसान बनाने के साथ-साथ उनके व्यक्तित्व को सुगंधित फूल बनाने का हर संभव प्रयास किया जाता है। यही कारण है कि यहां समय और परिस्थितियों के आधार पर कुछ ऐसे कार्यक्रमों या गतिविधियों को देखने का अवसर मिलता है जो अन्य संस्थानों या स्कूलों और कॉलेजों में अनुपस्थित हैं, और इसका जीता जागता प्रमाण आज 28 जून 2023, बुधवार का स्वागत समारोह है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ एसएन पाठक की सहमति से कॉलेज की परंपरा को कायम रखते हुए इसका विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में रंजीत रंजन, मोहम्मद मेराजुद्दीन, शोभा, यशोदा और खुशबू कुमारी ने प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को गुलदस्ता भेंट कर एवं उनके माथे पर तिलक लगाकर गर्मजोशी से स्वागत किया। इस स्वागत कार्यक्रम में पुराने छात्रों ने इस कॉलेज में आए नए छात्रों के प्रति अपना प्यार और समर्पण व्यक्त किया।

# जामा मस्जिद समेत अन्य मस्जिदों में अदा की गई ईद उल अजहा की नमाज



प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुआडांड़ :** जामा मस्जिद गौसिया मस्जिद मदीना मस्जिद मैं बृहस्पतिवार को सुबह 7~30 ईद उल अजहा की नमाज अदा की गई।जामा मस्जिद में मुफ्ती शब्बर साहब गौशिया मस्जिद में कारी सैयद मनौव्वर साहब एवम मदीना मस्जिद में मुफ्ती अतीक उर रहमान साहब के द्वारा ईद उल अजहा की नमाज अदा कराई गई। नमाज के फौरन बाद देश दुनिया में अमन व शांति के लिए दुआएं की गई साथ ही एक दूसरे से मिलकर एक दूसरे का सहयोग करने की बात कही गई। जिसके बाद सलातो सलाम का नजराना पेश किया गया।और लोगों ने एक दूसरे से मिलकर ईद उल अजहा की मुबारकबाद दी। और सभी लोग मस्जिद से कब्रिस्तान की ओर निकले और कब्रिस्तान पहुंचकर अपने पूर्वज जो कि इस दुनिया में नहीं रहे उनके लिए दुआएं की। जिसके बाद कुर्बानी का सिलसिला चलता रहा। लोग एक दूसरे के घर जाकर मुबारकबाद दिए और सेवइयां समेत अन्य तरह के पकवानों का आनंद लिया। महुआंडाड़ थाना प्रभारी आशुतोष यादव के निर्देश पर जामा मस्जिद गौसिया मस्जिद एवं मदीना मस्जिद के बाहर नमाज के वक्त पुलिस बल की तैनाती की गई थी।

# मोदी सरकार के 09 साल, बेमिसाल पर कैरो भाजपा ने सेवानिवृत आर्मी जवान को किया सम्मान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कैरो :** लोहरदगा कैरो प्रखंड के हनहट पंचायत मुख्यालय में महाजन संपर्क अभियान के तहत भाजपा नित केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार की सेवा सूशासन के 09 साल बेमिसाल के पूर्ण होने पर कैरो प्रखंड के भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष लखन उराँव के नेतृत्व मान-सम्मान के कार्यक्रम मे सेवानिवृत आर्मी जवान महादेव साहू को भाजपायीईयों ने अंगवस्त्र दे कर 29 जुन गुरुवार को सम्मानित किया ।इस अवसर पर केन्द्र सरकार की उपलब्धियों को बताते हुए प्रखंड अध्यक्ष लखन उराँव ने कहा कि केंद्र सरकार के सेवा सूशासन के 09 वर्ष मे वन नेशन,वन पेंशन, गरीबों को पांच लाख तक स्वास्थ्य बीमा,क्रोना काल में मुफ्त में अनाज वितरण, घर-घर शौचालय, प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत गरीबों को पक्का मकान देना। ये सब एक केंद्र सरकार की अद्वितीय उपलब्धि है। इस अवसर पर भाजपा के प्रखंड अध्यक्ष लखन उराँव, विशेश्वर प्रसाद दीन, मोहन साहू, बजरंग उराँव, गोविंद महतो, कृष्णमणि यादव, दीपक दुबे इत्यादि भाजपाई उपस्थित थे।

# ना जमीन का अधिग्रहण और न राशि का भुगतान, रैयती जमीन पर जबरन बिजली के खंभे गाड़ 33 हजार वॉल्ट का किया गया विद्युत प्रवाहित

## हरे पेड़ में बांधा स्टैग वायर, कभी भी हो सकती है अप्रिय घटना

**जबरन किसी के खेत में व गैर जिम्मेवार तरीके से विद्युत खंभे गाड़ कर विद्युत तार प्रभावित नहीं किए जा सकते। यह मामला गंभीर है इस संबंध में एनएचआई से बात की जाएगी। विद्युत कार्य के लिए अधिकृत की गई एजेंसी पर कार्रवाई की जाएगी। अभिषेक कुमार कनीय अभियंता, विद्युत विभाग रेहला विश्रामपुर।**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विश्रामपुर :** एनएच 39 भोगू से शंखा तक फोरलेन निर्माण को लेकर विभागीय अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। अभी तक भू स्वामियों की अधिग्रहण की जाने वाली जमीन का न तो एलपीसी निर्गत किया गया है और ना ही मुआवजे की राशि का भुगतान ही की गई। फिर भी जबरन रैयती खेत में विद्युत खंभे गाड़ कर विद्युत तार प्रवाहित कर दिए गए। इतना ही नहीं विद्युत कार्य कराने वाली संवेदक के द्वारा जैसे तैसे विद्युत



प्रवाहित की गई है जो कभी भी बड़ी दुर्घटना को आमंत्रित कर सकती है। विद्युत खंभे को झुकाओ से रोकने के लिए लगाया गया स्टेगहरे पेड़ में बांध दी गई है। जहां आसपास घर होने के कारण अधिसंख्य बच्चे पेड़ के नीचे खेलते हैं। बरसात का मौसम होने के कारण लोहे की तार से बना स्टेग में कभी भी विद्युत प्रवाहित हो सकती है। लेकिन इससे विद्युत विभाग अपने को बचाते हुए भाग रहा। वहीं निर्माण कार्य कराने वाली कंपनी एक कर्मी भी कुछ बोलने से भाग रहे हैं।जानकारी के अनुसार एनएच 39 फोरलेन निर्माण कार्य कार्य कराया जाना है जिसके लिए अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। सड़क के दोनों किनारे अंचल व भूअर्जन के द्वारा जमीन की मापी का कार्य कर चिन्हित किया गया है। साथ हीं एलपीसी निर्गत किए जाने को लेकर प्रक्रिया पूरी की जा रही है। जिसके लिए भूस्वामी नियमित अंचल कार्यालय के संपर्क में हैं। पूर्व से सड़क किनारे खंभे के सहारे 33000 वोल्ट की विद्युत तार प्रवाहित होती रही है। इन दिनों सड़क चौड़ीकरण के कार्य को देखते हुए पूर्व से लगे खंभे को जबरन विद्युत विभाग के द्वारा रैयतों के खेत में गाड़े जा रहे हैं। ब्रहमोरिया गांव निवासी सच्चिदा नंद पांडेय के घर के पास खेत में जबरन खंभे को गाड़कर विद्युत प्रवाहित कर दी गई। इतना ही नहीं अपनी विद्युत खंभों को सहारा देने के लिए लोहे की तार को स्टेग बना महुआ की हरे पेड़ में बांध दिया गया। बरसात का मौसम होने के कारण हर समय हरे पेड़ में विद्युत प्रवाहित होने की संभावना बनी रहेगी। आसपास घर होने के कारण बच्चे पेड़ के नीचे खेलते हुए पाए जाते हैं। ऐसे में कभी भी अप्रिय घटना घट सकती है। लेकिन विभाग व एनएचएआई इससे बेखबर बनी हुई है। इस संबंध में निर्माण कार्य कराने वाली कंपनी के कर्मियों से बात की गई तो उन्होंने स्पष्ट कहा कि विद्युत विभाग इसके लिए जिम्मेदार हैं।

# नाली व बारिश के थमे पानी से परेशान है केतार प्रखंड के लोग

प्रभात मंत्र संवाददाता

**केतार (गढ़वा):** इन दिनों केतार बाजार के मुख्य सड़क क्षेत्र में हर किसी की जुबान पर चर्चा का विषय बना है। बीते दो वर्षों से बाजार में निवास करने वाले व्यवसाई एवं स्थानीय ग्रामीण के साथ-साथ क्षेत्र के लोग नाली के गंदा पानी एवं जलजमाव के बीच आवागमन करने को विवश है। सर्वप्रथम मामला यह है कि कर्पूरी गेट से सब्जी मार्केट तक सड़क के दोनों तरफ मकान एवं दुकाने तो सज गई परंतु पानी निकासी का कोई सफल समाधान नहीं हो सकी जिससे कई घरों का गंदा पानी सड़क पर जमकर बजबजाने लगी साथ ही बारिश का पानी आपस में मिलकर ग्रामीण बैंक के समीप नदी नाला की तरह गंदा पानी थम कर बदबू देने लगी जिससे संक्रमण बढ़ने कि खतरा लोगों के बीच मंडराने लगी। ज्ञात हो कि उक्त थमे पानी में आए दिन स्कूली बच्चे, वृद्ध फिसल कर गिरते नजर आ रहे हैं। वही बाजार को आए दो पहिया, तीन पहिया, चार पहिया वाहन भी फसते, फिसलते नजर आ रहे हैं। स्थानीय ग्रामीण और प्रखंड क्षेत्र के लोग अपने जनप्रतिनिधि को उक्त मामले को लेकर कोसते नजर आ रहे हैं। लोगों का कहना है कि स्थानीय मुखिया व बीडीसी के साथ-साथ माननीय विधायक का गृह क्षेत्र में ही यह मार्केट आता है फिर भी इसका समाधान नहीं किया जा रहा है । जबकि बाजार को लेकर प्रखंड क्षेत्र के हजारों ग्रामीण का आवागमन इसी रास्ते से हर दिन हुआ करता है साथ ही जिले के सुप्रसिद्ध मां चतुर्भुजी मंदिर एवं दर्जनों विद्यालय के बच्चों को भी इसी सड़क से आवागमन करना पड़ता है। जिसका कोई ठोस समाधान नहीं होने के कारण गंदा पानी में चलने को विवश हैं।

## ईद उल अजहा के मौके पर इस्लाहुल मुस्लिमीन कमेटी हुए सम्मानित

**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवार को पंचायत छैंचा के पठान टोला में जेएमएम नेता शशिभूषण तिवारी पहुंच कर ईद उल अजहा के मौके पर इस्लाहुल मुस्लिमीन कमेटी के साथ वहां के मुसलमानों को बधाई दी। इस दौरान उन्होंने उपस्थित कमेटी के मेंबर के साथ अन्य लोगों को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया । मौके पर सदर निजाम खान नायब सदर अलाउद्दीन खान, सेक्रेटरी कयूम खान, मंजूर खान, मुस्लिम खान, समीम खान, आबिद खान, नसीर खान, मुस्ताक खान, कयूम खान, जमालुद्दीन खान, तबारक खान, अकबर खान, जफर खान, औरंगजेब खान, जहीर आलम, तनवीर खान, मासूम खान, गुलजार खान, इम्तियाज खान, दस्तगीर खान, जमशेद खान, खुर्शीद खान, आसिफ कौशर, इमरान खान, मजीद खान, शाहीद खान और गौशुलवरा खान समेत कई लोग मौजूद रहे।

## ट्रांसफार्मर खराब रहने से अंधेरे में रहने को मजबूर हैं ग्रामीण

**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित गोविंद नगर का ट्रांसफार्मर तीन दिन पूर्व जल गया। जिस कारण पूरे गोविंदनगर मोहल्ले में लगभग 40 घर की आबादी का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण लोग अंधेरे में रहने को विवश है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया अंधेरे कारण बरसात के दिनों में सांप बिच्छू निकलते हैं।जिस कारण डर बना हुआ रहता है।साथ ही बच्चों की पढ़ाई पर भी बुरा असर पड़ रहा है ।वहीं दूसरी तरफ गोविंद नगर मोहल्ले में बीएस मेमोरियल हाई स्कूल भी है। जहां पर बिजली नहीं रहने के कारण छोटे-छोटे बच्चों को पढ़ाई में दिक्कत महसूस हो रही है।वही इस संबंध में बिजली मिस्त्री बालों साव ने बताया ट्रांसफार्मर वज्रपात होने के कारण खराब हो गया है।मिस्त्री के अनुसार ट्रांसफार्मर बदलना पड़ेगा ।जिसको लेकर ग्रामीणों ने बिजली विभाग से जल्द से जल्द नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की है।ताकि मुहल्ले के लोगों को परेशानियों से निजात मिल सके।

## हर्षोल्लास के साथ बकरीद का त्यौहार मनाया गया

**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ में बकरीद का हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ।बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय में दो जगहों पर नमाज अदा की गई ।जिसमें जामा मस्जिद में मौलाना अताउल्लाह और ईदगाह में मौलाना मजहर ने नमाज अदा कराई । इस दौरान नमाजियों ने परिवार व वतन की सलामती के लिए दुआ मांगी ।इसके अलावा बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के शेरागड़ा,मासियातू,बालू,मुरपा सहित कई जगहों पर बकरीद की नमाज अदा की गई ।लोगों ने गले लग कर एक दूसरे को बकरीद की बधाई दी ।सुरक्षा के दृष्टिकोण से बालूमाथ सड़को पुलिस गश्त लगाती दिखी ।बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित ईदगाह में पहुंचकर बालूमाथ एसडीपीओ अजीत कुमार ने लोगों को बकरीद पर्व की बधाई दी ।मौके पर बालूमाथ पुलिस इंस्पेक्टर शशि रंजन कुमार बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद बालूमाथ अंचलाधिकारी आफताब आलम सहित कई लोग मौजूद थे।

## शांतिपूर्ण माहौल में बकरीद की नमाज अदा किया गया

**बारियातु(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बारियातू प्रखंड क्षेत्र में शांतिपूर्ण तरीके से बकरीद का त्योहार मनाया गया। प्रखण्ड मुख्यालय के अलावा इटके, शिबला,साल्वे,रबादाग, फुलसु, नावाडीह सहित विभिन्न ईदगाहों व मस्जिदों में गुरूवार को बकरीद की नमाज अदा की गई। मुख्यालय स्थित जामा मस्जिद में मौलाना जसिमुद्दिन, इटके ईदगाह में मौलाना शमसाद,साल्वे जामा मस्जिद में हाफिज इमतियाज, शिबला जामा मस्जिद में हाफिज शमसेर,फुलसु जामा मस्जिद में हाफिज शमीम, नावाडीह मस्जिद में हाफिज इरफान, बठेठ जामा मस्जिद में हाफिज महताब, रबादाग जामा मस्जिद में हाफिज आरिफ़ बिल्लाह के द्वारा तकरीर के साथ नमाज अदा कराई गई। इसके पश्चात इमामों के द्वारा खुतबा पढ़ी गई एवं आपसी भाईचारा व अमन चैन की दुआ मांगी गई। इस दौरान पुलिस प्रशासन की ओर से भी कड़ी सुरक्षा की व्यवस्था की गई थी। त्योहार को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी, बालुमाथ पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी अजीत कुमार सिंह, थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी दल बल के साथ पुरे प्रखंड क्षेत्र में गश्त करते दिखे।

## हर्षोउल्लास मना बकरीद का पर्व

**बेतलु(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के बेतला , पोखरी,सर?ईडीह समेत क्षेत्र के विभिन्न अलग-अलग जगहों पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बक़रीद पर्व का महान और पाक पवित्र पर्व मुस्लिम धर्मावलंबियों ने बक़रीद पर्व का सभी अलग-अलग ईदगाह में नमाज़ अदा किया और देश में खुशहाली भाई चारे का मिसाल पेश किया शांति और सौहार्द पूर्ण वातावरण में बक़रीद का त्योहार सम्पन्न हुआ वही बक़रीद पर्व के मौके पर बरवाडीह थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के विभिन्न अलग-अलग जगहों पर पुलिस बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल के जवान तैनात की गई है। साथ ही मुस्लिम बहुल इलाकों में पहुंच कर स्थति का जायजा लेने का काम भी किया गया। वही बीडीओ सह सीओ राकेश सहाय और थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह ने लोगों से मिलकर बक़रीद पर्व का मुबारकबाद दी। मौके पर पुअनि लालेश्वर पासवान,समाजसेवी हेसामुल अंसारी,उप मुखिया सुल्तान अहमद समेत कई लोग उपस्थित थे।।इधर राजद के वरिष्ठ नेता सह झारखंड आंदोलनकारी के केन्द्रीय सचिव अलीहसन अंसारी ने बक़रीद पर्व ईद उल अदहा के मौके पर लातेहार जिले वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देने का काम किया।

## मयूरहंड में शांति और भाईचारे के साथ बकरीद पर्व संपन्न थाना प्रभारी ने प्रखंड वासियों को दिया क्रेडिट

**मयूरहंड(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मयूरहंड में मुस्लिम भाइयों के द्वारा बकरीद का पर्व शांति और भाईचारगी के माहौल में मनाया गया। प्रखंड भर के मुस्लिम भाइयों ने सुबह का नमाज अदा करने के साथ एक दूसरे से गले मिले और प्रखंड की तरक्की के लिए इंशा अल्लाह ताला अलेही वसल्लम से दरख्वास्त किया। मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा शांतिपूर्ण बकरीद पर्व मनाए जाने के बाद थाना प्रभारी ने प्रभात मंत्र से कहा कि अक्सर हिंदू या मुस्लिम पर्व पर दोनों समुदाय के बीच हिंसक झड़प हो जाता है किंतु मयूरहंड प्रखंड के दोनों धर्मों के लोग बगैर किसी भेदभाव के पर्व को मनाते हैं और इसका सारा श्रेय प्रखंड वासियों को जाता है। एक अन्य सवाल पूछे जाने पर थाना प्रभारी ने कहा कि जब भी बड़ा त्यौहार दोनों समुदाय के द्वारा मनाया जाता है पुलिस काफी सतर्क मोड पर रहती है ताकि कहीं अप्रिय घटना ना हो जाए।

## हर्षोल्लास के साथ पढ़ी गई बकरीद की नमाज

**केतार(गढ़वा)(प्रभातमंत्रसंवाददाता):** केतार प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बेलावार,नावाडीह व केतार ईदगाह के साथ मस्जिदों में बकरीद ईद-उलअजहा की नमाज़ आज सुबह 8 बजे के करीब मुस्लिम धर्मावलम्बियों ने अदा की। त्याग समर्पण और बलिदान के प्रतीक इदु-उल अजहा की नमाज़ गुरुवार को जिले भर में बड़े ही अकीदत और मोहबत के साथ पढ़ी गई। वही प्रखंड क्षेत्र के सभी इदगाहों पर गुरुवार को ईद उल अजहा बकरीद की नमाज़ उत्साह पूर्वक अदा कर अमनो चैन की दुआएं मांगी गई एवं हजारों की संख्या में लोगों ने गले मिलकर एक दूसरे को मुबारकबाद पेश किया। वही मस्जिद के इमाम मौलाना नसीम अहमद ने सभी कॉम के भाइयों को माली कुर्बानी देने व मोहब्बत और अमन चैन के साथ इस मुल्क में जिंदगी गुजारने के लिए अल्लाह से सामुहिक दुआएं की गई। इस दौरान अंजुमन कमेटी ने आए हुए अतिथियों को मदरसा में ही शीरनी खाने को लेकर विशेष इंतजाम किया गया था। इस मौके पर केतार थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि, पत्रकार सह सामाजिक कार्यकर्ता इम्तेयाज आलम,अंजुमन सदर शमीम अंसारी,अल्ताफ अंसारी,हकीमुदिन अंसारी,असीम अंसारी,मेराजुदीन अंसारी,जमायत अंसारी,अजीम अंसारी,सहित अन्य लोग शामिल थे।

## रांची के तीन खिलाडी राष्ट्रीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता के लिए चयनित

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** देवघर के बमपास टाउन के सुभद्रा वाटिका मैं दिनांक 28/06/2023 को द्वितीय झारखंड राज्य ताइक्कांडो पुमसे एवं क्योरुगी प्रतियोगिता संपन्न हुई । इस प्रतियोगिता में झारखंड राज्य के विभिन्न जिलों से 469 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया । प्रतियोगिता में रांची की मतांगनि मोहनता, आदिति कुमारी, काशवी अगरवॉल ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया व लक्ष्मी कुमारी, श्रृष्टि कुमारी, गौरव कुमार ने कांस्य पदक



प्राप्त किया वही प्रियंका कुमारी, पिंकी कुमारी, आयुष कुमार सिंह को रजत पदक पर संतुष्ट होना पड़ा। इस प्रतियोगिता में रांची के स्वर्ण पदक प्राप्त खिलाड़ी आगामी ताइक्कांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सब जूनियर कैडेट (लखनऊ) जूनियर (बेंगलुरु) मे होने वाले प्रतियोगिता में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे ।

## चलते चलते एक नजर

### विपक्षी दलों ने बैठक अब शिमला की बजाय बेंगलुरु में होगी

**नई दिल्ली :** विपक्षी दलों की बैठक अब बेंगलुरु में होगी। पहले यह बैठक हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में होनी तय थी। एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने गुरुवार को एक प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि बैठक की जगह बदल दी गई है। अब यह बैठक बेंगलुरु में 13 और 14 जुलाई को आयोजित की जाएगी। उल्लेखनीय है कि आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर विपक्ष भाजपा के खिलाफ लामबंद होना चाह रहा है। इसी उद्देश्य से 23 जून को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आवास पर विपक्षी दलों ने एक बैठक की थी। अगली बैठक शिमला में प्रस्तावित थी लेकिन अब यह बैठक बेंगलुरु में होगी।

### सीबीआई पहुंची हरीश रावत के घर, बोले- अब स्वयं दूंगा निमंत्रण

**देहरादून :** पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत के घर गुरुवार को सीबीआई की टीम 2016 के चर्चित विधायक हॉर्स ट्रेडिंग मामले को लेकर पहुंची। हालांकि इस दौरान हरीश रावत नहीं मिले तो टीम को वापस लौटना पड़ा। हरीश रावत ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा है कि अब खुद सीबीआई को आने का निमंत्रण दूंगा। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने इस मामले पर फेसबुक पर एक पोस्ट लिखी है, जिसमें उन्होंने कहा कि सीबीआई के नोटिस के संबंध में मैंने आपसे कहा था कि मैं पूरा सहयोग करूंगा। उन्होंने कहा कि सीबीआई जिस वक्त मेरे घर पर नोटिस लेकर पहुंची, उस समय मैं दोस्तों के घर ईद की मुबारकबाद देने गया था। मैंने निश्चय किया है कि मैं उनको खुद आमंत्रित करूं कि आएं और चाहें तो आज ही मुझे नोटिस सर्व कर दें। उन्होंने पोस्ट में लिखा है ,ज्यों-ज्यों जांच आगे बढ़ेगी, न्यायालय के विभिन्न स्तरों पर तर्क-वितर्क आएंगे, तो जो हमारे ऊपर आरोप लगे हैं और भाजपा ने जिस तरीके से उन आरोपों को दुष्प्रचारित किया है, एक भ्रम पैदा किया है। मेरे सार्वजनिक जीवन के हित में है कि वो बातें, पूरी स्थितियां उत्तराखंड और देश के लोगों के सामने स्पष्ट हों। निश्चित ही सच्चाई की विजय होगी।

### प्रधानमंत्री करेंगे 17वें भारतीय सहकारी महासम्मेलन का उद्घाटन : संघानी

**नई दिल्ली :** भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ के अध्यक्ष दिलीप भाई संघानी ने गुरुवार को एक प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि 17वें भारतीय सहकारी महासम्मेलन का आयोजन दिल्ली में किया जाएगा। यह कार्यक्रम प्रगति मैदान में 01 और 02 जून को आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। इस कार्यक्रम में तीन हजार से अधिक लोग हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम में दुनिया भर से सहकारिता से जुड़े लोग शामिल होंगे।संघानी ने कहा कि यह बैठक 10 वर्ष बाद बुलाई गई है। इस दो दिवसीय कार्यक्रम का विषय अमृत काल - जीवंत भारत हेतु सहकार से समृद्धि रखा गया है। कार्यक्रम के दौरान सहकारिता को और अधिक मजबूत और सशक्त बनाने को लेकर चर्चा होगी।संघानी ने कहा कि इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी के साथ-साथ केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का भी मार्गदर्शन मिलेगा। अंतरराष्ट्रीय सहकारी गठबंधन के अध्यक्ष डॉ. चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि इस दो दिवसीय कार्यक्रम में कॉपरेटिव कानून को और अच्छा बनाने के लिए चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि सहकारिता के विकास और इसके आर्थिक मॉडल को लेकर भी संवाद किया जाएगा।

## खादगढ़ा बस स्टैंड में खड़ी 9 बसों में लगी भीषण आग, मची अफरा-तफरी

# 6 बसें जलकर हुई खाक





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची के लोअर बाजार थाना क्षेत्र के कांटाटोली स्थित खादगढ़ा बस स्टैंड में खड़ी 9 बसों में गुरुवार की दोपहर आग लगी, जिसमें 6 बसें जलकर खाक हो गई. गुरुवार की दोपहर एक बजे के करीब पांच बसों में आग लगी.आग की लपटें इतनी भयानक थी कि देखते ही देखते सभी बसें जलकर खाक हो गई. आग लगते ही लोग इधर-उधर भागने लगे. स्टैंड में खड़े बस चालक भी अपनी बसों को बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे. घटना के बाद फायर ब्रिगेड की 2 गाड़ियां आयी और चार बसों को आग की लपटे से बचाने की असफल कोशिश की। काफी मसकत के बाद आग पर काबू पाया गया लेकिन बस पूरी तरह जल चुकी थी। घटना के 15 मिनट के बाद खादगढ़ा टीओपी प्रभारी आकाश भारद्वाज और लोअर बाजार थाना प्रभारी दयानंद पहुंचे। ये सभी सीसीटीवी फुटेज खंगालने के लिए स्टैंड में एक तरफ जा बैठे। तभी करीब 2 बजे के बाद स्टैंड में खड़ी बसों से बड़ी तेजी के साथ पुनः काला धुआं उठने लगा। देखते ही देखते लोग कुछ समझ पाते, तब तक वहां पर खड़ी चार बसें आग की चपेट में आ गई।

फायर ब्रिगेड को आग बुझाने के लिए फिर बुलाया गया। फायर ब्रिगेड की 3 गाड़ियां आते तक चार बसे जलकर राख हो गई। घटनास्थल पर पहुंचे शहर डीएसपी दीपक कुमार का कहना है कि अभी कुछ बताना जल्दबाजी होगा। किसी षड्यंत्र के तहत इन बसों में आग लगाई गई है। उन्होंने कहा कि इसमें ऐसे लोग शामिल हैं जो असामाजिक तत्व को पनाह देते हैं।

### घटना की हो रही जांच : अपर नगर आयुक्त

रांची नगर निगम के अपर नगर प्रशासक कुंवर पहन ने कहा कि खादगढ़ा बस स्टैंड नगर निगम ने अपने हाथ में ले लिया है और अपने माध्यम से चला रही है। जहां तक आग लगने की सवाल है तो हम लोग प्रशासन से मिलकर सीसीटीवी फुटेज वगैरा निकलवा रहे हैं।यदि कोई यह सोचता है कि नगर निगम पर ठीकरा फोड़े तो यह नहीं चलेगा। वहां सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। टीओपी है और हमारे भी कुछ आदमी लोग हैं। सभी अपने स्तर से जांच पड़ताल कर रहे हैं।

### आगजनी की घटना साजिश का परिणाम : अध्यक्ष, बस एसोसिएशन

बस एसोसिएशन के अध्यक्ष ने कहा कि खादगढ़ा बस स्टैंड में इस तरह की घटना पहली बार हुई है। एक साथ 9 बसों का एक दिन में ही जल जाना, कहीं न कहीं प्रशासन की जवाबदेही है। नगर निगम की जवाबदेही है।यहां 36 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। लेकिन संभवतः सभी चालू नहीं है। हम लोग एसएसपी से मिलकर पूरी घटनाक्रम की जानकारी देंगे।क्योंकि यह घटना किसी साजिश के तहत ही किया गया है।

### इन बसों में लगी आग

निसान बस के मालिक असगर ने बताया कि उनका तीन बसें खड़ी थी। रांची से जमशेदपुर चलती थी। बकरीद पर्व है घर में थे,कैसे बताएं कैसे हुई। जिसमें जेएच 03डी 5556, जेएच01एजी 9795,जेएच 09के 5797, मां भवानी बस जेएच-01बीसी9170 ये रांची से धनबाद के लिए चलती थी। वहीं राधेश्याम बस जेएच01 बीपी 1846,जेएच 01सीटी 8043 एलईडी मोटर और दो बस बुरी तरह जल गई। इसका नाम और नंबर ढूंढना मुश्किल हो रहा था। वही एक बस एलडी मोटर को आंशिक रूप से क्षति पहुंचने की बात बताई गई।

### आगजनी से पूर्व भी यहां हो चुकी है कई घटनाएं

झारखंड का सबसे बड़ा बस स्टैंड कांटाटोली चौक के नजदीक है। यह 15 एकड़ से अधिक भूमि पर फैला हुआ है. यहां सुरक्षा की दृष्टि से टीओपी है. करीब 36 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं. स्टैंड को आपसी रंजिश की बातें भी कई बार सामने आ चुकी है। पहले भी दीपावली 2022 में एक बस में आग लगी थी। जिसमें एक आदमी जिंदा जलाकर मर गया था। इसके अलावा भी कई बसों में कभी कभी आगे लगती रही है। कई हत्याएं भी हो चुकी है। एके 47 के साथ एक व्यक्ति,गांजा के साथ भी पकड़ा गया है। यहां फायर ब्रिगेड, एंबुलेंस की व्यवस्था नहीं है। कोविड के बाद टेंडर नहीं हुआ। करीब डेढ़ करोड़ का टेंडर होता है, लेकिन निगम को लाभ नहीं होने से निगम ने खुद अपने हाथ ले लिया है।

## द्वितीय विश्व युद्ध के अंतिम जीवित भारतीय मूल के सिख सैनिक को ब्रिटिश प्रधानमंत्री ने किया सम्मानित



**एजेंसी**

**लंदन।** द्वितीय विश्व युद्ध के अंतिम जीवित सिख सैनिक राजिंदर सिंह धत्त को ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने 'पॉइंट्स ऑफ लाइट' पुरस्कार से सम्मानित किया। भारतीय मूल के 101 वर्षीय राजिंदर सिंह धत्त को ब्रिटिश प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास 10, डाउनिंग स्ट्रीट में आयोजित यूके-इंडिया सप्ताह के दौरान सम्मानित किया गया। ब्रिटेन में अनडिवाइडेड इंडियन एक्स सर्विसमेन एसोसिएशन के प्रयासों से राजिंदर सिंह धत्त के योगदान को पहचान मिली है। यह एसोसिएशन भारतीय ब्रिटिश पूर्व सैनिकों को एक साथ लाने और उनके कल्याण के लिए काम करती है। राजिंदर सिंह धत्त का जन्म अविभाजित भारत में वर्ष 1921 में हुआ था। धत्त ब्रिटेन की तरफ से द्वितीय विश्व युद्ध में लड़े और बाद में वर्ष 1963 में परिवार समेत ब्रिटेन में बस गए।पॉइंट्स ऑफ लाइट सम्मान से सम्मानित होने पर राजिंदर सिंह धत्त ने कहा कि प्रधानमंत्री के हाथों अवार्ड मिलना सम्मान की बात है। धत्त ने अनडिवाइडेड इंडियन एक्स सर्विसमेन एसोसिएशन को भी धन्यवाद दिया।

'पॉइंट्स ऑफ लाइट अवार्ड' उन लोगों को दिया जाता है, जो अपने कामों से समाज में बदलाव लाते हैं और जिनकी कहानी दूसरे लोगों को प्रेरित करती है। दस डाउनिंग स्ट्रीट में इन दिनों यूके-इंडिया सप्ताह मनाया जा

## गो फर्स्ट को दोबारा संचालन की मंजूरी से पहले दस्तावेज की जांच करेगा डीजीसीए

**एजेंसी**

**मुंबई :** नागर विमानन निदेशालय दिवाला प्रक्रिया की दौर से गुजर रही गो फर्स्ट का दोबारा संचालन शुरू करने की मंजूरी देने से पहले संबंधित दस्तावेज की जांच करेगा। डीजीसीए एयरलाइन में नई जान डालने के लिए पेश योजना का परीक्षण करने के साथ उसकी तैयारियों को भी परखेगा।विमानन क्षेत्र से जुड़े सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि गो फर्स्ट के मौजूदा प्रबंधन के वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने एयरलाइन की पुनरुद्धार योजना के विभिन्न पहलुओं पर डीजीसीए के अधिकारियों के साथ चर्चा की है। कंपनी ने पुनरुद्धार योजना में गो फर्स्ट की घरेलू उड़ानों के गंतव्य को 29 से




घटाकर 23 करने का प्रस्ताव रखा है।दिवाला प्रक्रिया के समाधान पेशेवर के तौर पर नियुक्त शैलेंद्र अजमेरा और अंतरिम मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) कौशिक खोना ने इस पुनरुद्धार योजना के बारे में डीजीसीए अधिकारियों के समक्ष विस्तृत प्रस्तुति दी। डीजीसीए पेश दस्तावेज का परीक्षण करने के बाद दोबारा उड़ानों के संचालन की अनुमति अगले हफ्ते दे सकता है। गो फर्स्ट एयरलाइन की उड़ानों का परिचालन वित्तीय संकट गहराने के बाद तीन मई से ही बंद चल रहा है । इस दौरान एयरलाइन ने स्वैच्छिक रूप से दिवाला प्रक्रिया शुरू करने की अर्जी लगाई थी, जिस पर उसे राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) से मंजूरी भी मिल चुकी है।

# हिमाचल प्रदेश में मानसून से तबाही पांच दिन में 219 करोड़ का नुकसान

**एजेंसी**

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश में मानसून के भारी बारिश का सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। राज्य के कई भागों में भूस्खलन से यातायात, विद्युत और पेयजल आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित हुई है। मानसून सीजन की पांच दिन की बारिश से राज्य में 219 करोड़ से अधिक की संपत्ति का नुकसान हुआ है। इस दौरान बारिश जनित दुर्घटनाओं में 19 लोगों की मौत हुई है। इसी बीच मौसम विभाग ने मैदानी व मध्यपर्वतीय क्षेत्रों में अभी चार दिन और भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।



दरअसल, हिमाचल प्रदेश में मानसून ने 24 जून को दस्तक दे दी थी। उसके बाद से लगातार बारिश हो रही है। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण रिपोर्ट के अनुसार मानसून सीजन के पांच दिन में भारी बारिश से हिमाचल में 219 करोड़ की संपति को नुकसान पहुंचा है। बारिश से प्रदेश में पेयजल व सिंचाई परियोजनाओं, सड़कों और बिजली आदि को भी भारी नुकसान हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार बारिश से सबसे ज्यादा 100 करोड़ का नुकसान जल शक्ति विभाग को हुआ है। जल शक्ति विभाग की कुल 1635 परियोजनाएं क्षतिग्रस्त हुई हैं, इनमें 1318 पेयजल और 284 सिंचाई परियोजनाएं शामिल हैं, जिनमें से 1249 पेयजल परियोजनाओं को बहाल कर दिया गया है।

बारिश से लोकनिर्माण विभाग को 90 करोड़ का नुकसान पहुंचा है। प्राधिकरण के मुताबिक गुरुवार सुबह राज्य में भुसखलन से 28 सड़कें अवरुद्ध हैं, जबकि 72 ट्रांसफार्मर खराब होने से बिजली गुल रही। मंडी जिला में 21 सड़कें और चम्बा जिला के पांगी में 66 ट्रांसफार्मर बंद पड़े हैं। भारी बारिश के दौरान पांच दिन में विभिन्न घटनाओं में 19 लोगों की जानें गई हैं। इनमें सबसे ज्यादा सात मौतें शिमला जिला में हुई हैं। इसके अलावा हमीरपुर में तीन, चम्बा, मंडी व सोलन में दो-दो और कांगड़ा, कुल्लू व ऊना में एक-एक व्यक्ति की मौत हुई है। बारिशजनित हादसों में तीन अभी भी लापता हैं। मानसून की बारिश में भूस्खलन और अन्य दुर्घटनाओं की वजह से 34 लोग घायल हुए हैं।

इसके अलावा बारिश के दौरान 352 पशुओं की मौत भी हुई है। बीते पांच दिनों में हुई बारिश से पांच मकान व एक दुकान पूरी तरह से धराशायी हुई, जबकि 35 घरों को आंशिक नुकसान पहुंचा। इनके अलावा 20 गौशलाएं भी बारिश से ढह गई हैं। बारिश से बागवानी क्षेत्र को 26 करोड़ का नुकसान आंका गया है। मानसून सीजन के दौरान भूस्खलन की नौ, बाढ़ की पांच घटनाएं और बादल फटने की एक घटना सामने आई हैं।

### अमरनाथ यात्रा : जम्मू के आधार शिविर से 30 जून को रवाना होगा पहला जत्था

**जम्मू :** वार्षिक अमरनाथ यात्रा 1 जुलाई को शुरू होने से पहले ब?ी संख्या में तीर्थयात्रियों का जम्मू के भगवती नगर स्थित आधार शिविर यात्री निवास में पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है। इस आधार शिविर से शुक्रवार यानी 30 जून को पहला जत्था बालटाल और पहलगाम के आधार शिविर के लिए रवाना होगा। इन दोनों आधार शिविरों से शनिवार को श्रद्धालु पवित्र गुफा की ओर अपनी यात्रा आरंभ करेंगे। बफार्नी बाबा अमरनाथ के दर्शन के लिए देश के विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालु जम्मू के भगवती नगर बेस कैंप में पहुंचना शुरू हो गए हैं। यात्रा के लिए पंजीकरण कराना अनिवार्य है। इसके लिए जम्मू शहर में तत्काल पंजीकरण की व्यवस्था की गई है। यात्रा पंजीकरण के लिए भोले के भक्त कतारों में सुबह से ही लगे हुए हैं। बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं को उत्साह देखते ही बन रहा है।

# गुमला : अवैध संबंध के शक में पत्नी की हत्या, गिरफ्तार

**आरोपित गुरुवार अहले सुबह बस में बैठकर भागने की फिराक में चैनपुर बस स्टैंड पहुंचा, जहां पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गुमला।** चैनपुर थाना क्षेत्र स्थित बाजार टांड के समीप बुधवार देर रात अवैध संबंध के शक में पति ने पत्नी की मुर्गा काटने वाले चापड़ से गला काटकर हत्या कर दी। पुलिस ने चैनपुर बस स्टैंड से आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।

बताया जाता है कि पति-पत्नी का अक्सर विवाद होते रहता था। इसके कारण पत्नी काफी समय से अपने मायके रामपुर गांव में रह रही थी। बुधवार को दोनों की मुलाकात चैनपुर ब्लॉक मोड़ में हुई। इसके बाद पति अमित टोप्पो ने पत्नी मंजुला टोप्पो (मंजुला सिंह) को समझा-बुझाकर घर ले आया। इस बीच होटल में नाश्ता करने के दौरान दोनों में कहासुनी शुरू हो गयी। रात 9:30 बजे अमित गुस्से पर काबू नहीं रख सका और घर में रखे मुर्गा काटने वाले चापड़ से पत्नी की गला काटकर हत्या कर दी और फरार हो गया। आरोपित गुरुवार अहले सुबह बस में बैठकर भागने की फिराक में चैनपुर बस स्टैंड पहुंचा, जहां पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त चापड़ को भी बरामद कर लिया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला भेज दिया है।

# मणिपुर के लोगों से संवाद नहीं करने दे रही सरकार : राहुल गांधी



**एजेंसी**

**नई दिल्ली:** हिंसा प्रभावित राज्य मणिपुर के दौरे पर गए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि सरकार उन्हें मणिपुर के लोगों से संवाद नहीं करने दे रही है। उन्हें रोका जा रहा है। राहुल ने गुरुवार को ट्वीट कर कहा कि वह मणिपुर के भाई-बहनों को सुनने आए थे। यहां सभी समुदाय के लोग उनका स्वागत भी कर रहे थे लेकिन सरकार ने उन्हें मणिपुर की जनता से मिलने नहीं दिया। राहुल ने कहा कि मणिपुर को उपचार की जरूरत है। ऐसे में शांति हमारी एकमात्र प्राथमिकता होनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी को मणिपुर में रोके जाने को लेकर आज कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने दिल्ली में प्रेसवार्ता कर विरोध जताया।

श्रीनेत ने कहा कि मणिपुर हिंसा को दो महीने हो गए लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हिंसा की भर्त्सना और शांति की अपील नहीं की। गृह मंत्री के दौरे के बाद हिंसा और बढ़ गई। उन्होंने केन्द्र सरकार से सवाल पूछा कि आखिर मणिपुर में शांति बहाल करने के लिए आपका प्लान क्या है? जब हिंसा रोकनी है तब आप राहुल गांधी को रोक रहे हैं। हाथरस, लखीमपुर जाते हुए भी राहुल को रोका था लेकिन इतिहास साक्षी है कि राहुल जहां जाने के लिए निकलते हैं, वहां पहुंचते जरूर हैं।

श्रीनेत ने कहा कि मोदी सरकार की प्राथमिकता में मणिपुर नहीं है। इसलिए प्रधानमंत्री मोदी इस मुद्दे पर बात नहीं करते हैं।

मणिपुर में मैतेई समुदाय को एसटी श्रेणी में शामिल किए जाने की मांग के विरोध में तीन मई को रैली का आयोजन हुआ था। ऑल ट्राइबल स्टूडेंट्स यूनियन मणिपुर ने इस रैली का आयोजन किया था। रैली के दौरान हिंसा भड़की थी। अभी तक इस हिंसा में 100 से अधिक लोगों के मारे जाने की खबर है। मणिपुर में हुई हिंसा पर कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी ने भी दुख प्रकट किया था और वहां के लोगों से शांति की अपील की थी।

### समान नागरिक संहिता पर रुख स्पष्ट करें सीएम : अकाली दल

**चंडीगढ़ :** शिरोमणि अकाली दल ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान से समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पर अपना रुख स्पष्ट करने की मांग की है। अकाली दल ने कहा कि आम आदमी पार्टी (आआपा) दिल्ली तथा पंजाब में अलग-अलग बात कहकर पंजाबियों को एक बार फिर धोखा देने की कोशिश कर रही है। पंजाब की आआपा इकाई यूसीसी लागू करने का फैसला सभी धार्मिक नेताओं से विचारों को ध्यान में रखने के बाद लागू करने का आह्वान कर रही है, क्योंकि आप आलाकमान ने खुलेतौर पर यूसीसी पर अपना समर्थन देने की घोषणा की है।चीमा ने इस कदम को पाखंड तथा राजनीतिक लाभ करार देते हुए कहा कि यह स्पष्ट है कि आआपा आलाकमान ने अपनी पंजाब इकाई, मुख्यमंत्री , यहां तक कि सिख समुदाय को विश्वास में लिए बिना पूरे देश के लिए समान नागरिक संहिता का समर्थन करने का फैसला लिया है।

# सीमा शुल्क विभाग के अधिकारी की संपत्ति ग्यारह साल में एक लाख से दो करोड़ बढ़ी

**ईडी की गहन छानबीन जारी**

**एजेंसी**

**मुंबई :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम की छानबीन में सीमा शुल्क विभाग के अतिरिक्त आयुक्त सचिन बालासाहेब सावंत की संपत्ति ग्यारह साल में एक लाख से दो करोड़ रुपये तक बढ़ने का खुलासा हुआ है। इस मामले में उत्तर प्रदेश के लखनऊ में कार्यरत सचिन बालासाहेब सावंत को ईडी की टीम ने बुधवार को लखनऊ से गिरफ्तार कर मुंबई ले आई। कोर्ट ने सावंत को पांच जुलाई तक ईडी कस्टडी में भेजा है। सावंत को आज (गुरुवार को) जेजे अस्पताल में मेडिकल जांच के लिए ईडी ले गई थी, वहां सावंत ने मीडिया के सामने हंगामा करने का प्रयास किया लेकिन ईडी की टीम ने मामले को नियंत्रित कर लिया। ईडी ने कहा कि फिलहाल मामले की गहन जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार मुंबई के मूल निवासी सावंत को 2008 में भारतीय राजस्व सेवा में चुना गया था। प्रारंभ में इसे न्हावा शेवा बंदरगाह पर सीमा शुल्क विभाग में नियुक्त किया गया था। वहां से उन्हें 2017 से 2019 के बीच ईडी के मुंबई क्षेत्रीय कार्यालय-1 में उप निदेशक के पद पर तैनात किया गया। इस बीच हीरा कारोबारियों द्वारा 500 करोड़ रुपये की मनी लॉन्ड्रिंग का मामला सामने आया था। सावंत मामले की जांच कर रहे थे। जांच के दौरान यह संदेह हुआ कि उन्होंने पैसों की हेराफेरी की है। इसके बाद सावंत को सीमा शुल्क विभाग में लखनऊ स्थानांतरित कर दिया गया। हालांकि 500 करोड़ रुपये के घोटाले को लेकर सीबीआई ने जून 2022 में केस दर्ज किया था। सूत्रों ने बताया कि इसी आधार पर ईडी ने जांच शुरू की है।इसी आधार पर ईडी ने सचिन सावंत के घर पर छापा मारा और कुछ दस्तावेज जब्त किए। यह छापेमारी 500 करोड़ रुपये के गबन में सावंत की भूमिका की जांच के लिए की गई थी। ईडी को जांच में पता चला कि उन्होंने अपनी आय से 204 प्रतिशत अधिक अपने परिवार पर खर्च किया। जांच में पाया गया कि यह खर्च 2 करोड़ 45 लाख 78 हजार 579 रुपये था।

उल्लेखनीय है कि आईआरएस में शामिल होने से पहले सावंत 30 वर्षों तक मुंबई में अपने माता-पिता के साथ पुलिस क्वार्टर में बमुश्किल 200 वर्ग फुट के घर में रहते थे। उनके पिता पुलिस विभाग में कार्यरत थे। सचिन सावंत ने 2017 से 2019 तक ईडी के मुंबई 2 डिवीजन के उप निदेशक के रूप में काम किया है। सीबीआई जांच के दौरान 2011 में सचिन सावंत की पारिवारिक संपत्ति 01 लाख 40 हजार थी। यह 2022 तक 2.1 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। नवी मुंबई के सानपाड़ा में सी क्वीन हेरिटेज बिल्डिंग में खरीदा गया एक फ्लैट भी शक के दायरे में है। यह फ्लैट खरीदने के लिए 1.03 करोड़ में से 1.02 करोड़ नकद दिए गए। सेवन हिल्स कॉन्स्ट्रोवेल का पंजीकृत कार्यालय दादर पूर्व के चाली में दिखाया गया था।